नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

RNI No. CHHHIN/2009/35020

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 284 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, मंगलवार 8 अगस्त 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर कलेक्टर ने फसल बीमा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना...



अवैध शराब बिक्री करने वालों पर चक्रधरनगर पुलिस की ताबड़तोड़ ... पेज -8 पर

# साइबर स्टेशनों में ऐसा सॉफ्टवेयर जो हटाए गए डेटा को पुनर्प्राप्त करेगा

रायपुर। छत्तीसगढ़ पुलिस ने पांच संभागीय मुख्यालयों रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, अंबिकापुर (सरगुजा) और जगदलपुर (बस्तर) में इसी महीने अलग से साइबर थाने खोलने की तैयारी को अंतिम रूप दे दिया है।




साइबर थाने अब बिलकुल नई तकनीक से काम करेंगे। जैसे, अमेरिका का बिलकुल नया साफ्टवेयर इन थानों में लाया जा रहा है। यह मोबाइल के अलावा लैपटॉप और पेनड्राइव से डिलीट किए गए डेटा को भी रिकवर कर देगा। इसके अलावा इन्वेस्टिगेशन के लिए हर थानों में एक यूनिट वैन होगी, जिसमें साइबर पोर्टेबल लैब की सुविधा रहेगी।

पोर्टेबल लैब यूनिट से इलेक्ट्रॉनिक सबूतों को नष्ट होने से पहले ही सुरक्षित रख लिया जाएगा। इससे डेटा करप्ट होने की दिक्कत नहीं आएगी। इस तरह, प्रदेश में साइबर थानों के जरिए अब लोकल साइबर जालसाजों के अलावा ऑनलाइन ठगों पर भी निगरानी रहेगी। अफसरों के मुताबिक रायपुर में गंज? स्थित एंटी साइबर एंड क्राइम यूनिट की बिल्डिंग में साइबर थाना खोला जाएगा। ग्राउंड फ्लोर में इसका सेटअप रहेगा। इसकी मॉनिटरिंग आईजी करेंगे तथा साइबर थाने में डीएसपी से सिपाही तक की पोस्टिंग शासन से होगी और ट्रांसफर भी शासन स्तर पर ही होगा।

**रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर में नए साइबर थाने**

## एक नजर

### महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कई गांवों में विकास कार्यो का किया भूमिपूजन



**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया ने आज बालोद जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम पण्डेल, पथराटोला एवं अरमुरकसा में पहुंच कर मंगल भवन का भूमि पूजन किया। श्रीमती भेड़िया ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में छत्तीसगढ़ सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर विकास की नई इबारत लिखा है। उन्होने राज्य सरकार द्वारा संचालित राजीव गांधी किसान न्याय योजना, भूमिहीन किसान मजदूर न्याय योजना, बेरोजगारी भत्ता योजना ,गोधन न्याय योजना जैसी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को राज्य के विकास के लिये मील का पत्थर बताया। उन्होने कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ की संस्कृति, रीति-रिवाज, खान पान, परंपरा आदि का संरक्षण और संवर्धन करने का कार्य कर रही है।

# शराब घोटाले से जुड़े आरोपियों की गिरफ्तारी पर रोक

**सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला; ED की शिकायत पर गिरफ्तारी की तैयारी में थी नोएडा पुलिस**

रायपुर शराब घोटाले से जुड़े आरोपियों को अब नोएडा की पुलिस गिरफ्तार नहीं करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। दरअसल प्रदेश में चल रहे शराब घोटाला मामले में नकली होलोग्राम का इस्तेमाल करने की शिकायत प्रवर्तन निदेशालय ने नोएडा के कासना थाना में दर्ज करवाई थी।



इस मामले में नोएडा पुलिस प्रदेश के आरोपियों को गिरफ्तार करने की तैयारी में थी। लेकिन सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है।

एक सप्ताह पहले ED की शिकायत पर नोएडा के कासना थाना पुलिस ने आबकारी विभाग के अधिकारी रह चुके अरुण पति त्रिपाठी, आईएएस निरंजन दास, होलोग्राम कारोबारी विधु गुप्ता, अनवर ढेबर और एक वरिष्ठ आईएएस ऑफिसर के खिलाफ धारा 420, 468 ,471 ,473 ,484, 120 बी के तहत केस दर्ज किया गया था।

ED के अधिवक्ता सौरभ पांडे के मुताबिक, नोएडा में दर्ज हुए FIR मामले में सुप्रीम कोर्ट से नो कर्सिव स्टेप के निर्देश दिए गए हैं। आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जा सकेगा। लेकिन जांच जारी रहेगी। आरोपियों को जांच में पूरा सहयोग करना होगा। पूछताछ में शामिल होना होगा। नो कर्सिव स्टेप का निर्देश 21 अगस्त तक लागू रहेगा।

### अब तक 180 करोड़ की संपत्ति अटैच

22 मई 2023 को प्रवर्तन निदेशालय की ओर से जारी की गई आधिकारिक जानकारी में कहा गया कि, अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी और अफसर अनिल टुटेजा से 121.87 करोड़ की 119 अचल संपत्ति अटैच की गई है। शराब घोटाला मामले में अब तक प्रदेश में कुल 180 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच की जा चुकी है। इसमें कैश, एफडी भी होल्ड किए गए हैं। 15 मई को ईडी ने कहा था, शराब घोटाले में जेल में बंद कारोबारी अनवर ढेबर से जुड़ी जांच रायपुर, भिलाई और मुंबई में की गई।

*जिसमें नवा रायपुर में 53 एकड़ भूमि मिली। इसकी कीमत करीब 21.60 करोड़ रुपए बताई गई। ये अनवर ढेबर द्वारा जॉइंट वेंचर के रूप में इस्तेमाल की गई थी। 20 लाख रुपए की नकदी और कई आपत्तिजनक दस्तावेज मुंबई में मिले थे। 1 करोड़ की बेहिसाब निवेश की जानकारी भी मिली। ये निवेश अरविंद सिंह और उनकी पत्नी पिंकी सिंह के साथ किए गए थे। ईडी ने त्रिलोक सिंह ढिल्लो की 27.5 करोड़ रुपए की फिक्स्ड डिपॉजिट फ्रीज कर दी थी। 28 करोड़ रुपए के आभूषण भी जब्त किए थे।*

**शैक्षणिक संस्थाओं में आरक्षण पर कैबिनेट में हुआ अहम फैसला**

# एससी ,एसटी ,ओबीसी छात्रों के लिए 58 परसेंट आरक्षण लागू




**रायपुर।** भूपेश कैबिनेट ने शैक्षणिक संस्थाओं में आरक्षण पर मुहर लगा दिया। स्कूल और कालेजों में प्रवेश में अब एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों को 58 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। दाखिले में आरक्षण पर कोई फैसला नहीं होने की वजह से कालेजों में एडमिशन लटका हुआ था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज यहां उनके निवास कार्यालय में मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित हुई। बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य के शैक्षणिक संस्थाओं में पूर्व प्रचलित आरक्षण व्यवस्था के अन्तर्गत प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्णय लिया गया। माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा राज्य शासन की ओर से दायर एसएलपी में पारित अंतरिम आदेश दिनांक एक मई 2023 के अंतर्गत राज्य में पूर्व प्रचलित आरक्षण व्यवस्था अनुसार नियुक्ति / चयन प्रक्रियाओं को जारी रखने हेतु अंतरिम राहत प्रदान की गई है। इस अंतरिम आदेश के अनुरूप ही, अंतरिम तौर पर, मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य की शैक्षणिक संस्थाओं में भी प्रवेश प्रक्रिया पूर्व प्रचलित आरक्षण व्यवस्था अंतर्गत करने का निर्णय लिया गया है।

# कैबिनेट से मुहर के 3 घंटे के भीतर आदेश जारी

**रायपुर।** भूपेश कैबिनेट में हरी झंडी मिलने के तीन घंटे के भीतर राज्य सरकार ने शैक्षणिक संस्थाओं में दाखिले में 58 प्रतिशत आरक्षण का आदेश जारी कर दिया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज यहां उनके निवास कार्यालय में मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित हुई। बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया...



छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय
महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

क्र. एफ 13-1/2023/आ.प्र./1-3, नवा रायपुर, दिनांक 07/08/2023

प्रति
शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राजस्व मण्डल बिलासपुर,
समस्त संभागीय आयुक्त,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त जिलाध्यक्ष,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, (जिला पंचायत)
छत्तीसगढ़।

विषय :- छत्तीसगढ़ शैक्षणिक संस्था (प्रवेश में आरक्षण) अधिनियम, 2012 के संबंध में।

राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि, महाधिवक्ता, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के अभिमत पत्र क्रमांक एजी/सीजी/बीएसपी/2023 दिनांक 03.08.2023 के परिप्रेक्ष्य में माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा प्रकरण क्रमांक S.L.P.(C)No.19668/2022 में दिनांक 01.05.2023 को नियुक्ति के संदर्भ में दिये गये अंतरिम राहत के अनुरूप ही शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश में भी आरक्षण अंतरिम तौर पर लागू किया जावे।

2/ यह निर्णय माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में S.L.P.(C)No. 19668/2022 में पारित अंतिम निर्णय के अध्यधीन होगा।

उपरोक्त निर्देश का पालन सुनिश्चित किया जाए।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार,
(एस.के.सिंह) 07.8.2023
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

शासन की ओर से दायर एसएलपी में पारित अंतरिम आदेश दिनांक एक मई 2023 के अंतर्गत राज्य में पूर्व प्रचलित आरक्षण व्यवस्था अनुसार नियुक्ति / चयन प्रक्रियाओं को जारी रखने हेतु अंतरिम राहत प्रदान की गई है। इस अंतरिम आदेश के अनुरूप ही, अंतरिम तौर पर, मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य की शैक्षणिक संस्थाओं में भी

मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य के शैक्षणिक संस्थाओं में पूर्व प्रचलित आरक्षण व्यवस्था के अन्तर्गत प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्णय लिया गया। माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा राज्य प्रवेश प्रक्रिया पूर्व प्रचलित आरक्षण व्यवस्था अंतर्गत करने का निर्णय लिया गया है।

# राजधानी के रिहायशी इलाके में बिजली के तार में फंसकर गाय की मौत

रायपुर। कचना के पिरदा इलाके में आज सुबह करीबन 7 बजे करंट लगने से गाय की मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर पहुंच गए हैं।




बता दें कि पिरदा में एक साल के भीतर गाय की मौत का यह पांचवा मामला है. रहवासियों का कहना है कि घरों को बेतरतीब तरीके से बिजली कनेक्शन दिया गया है, जिसकी वजह से सड़कों पर बिजली की तारों का जाल बिछा हुआ है. खतरे से अंजान मूक-मासूम चौपाए तार की चपेट में आकर अपनी जान गंवा रहे हैं. रहवासियों का आरोप है कि किसी दिन किसी इंसान की जान जाएगी, तब शायद जाकर बिजली विभाग के अधिकारियों की आंख खुलेगी। गाय के मालिक मिथिलेश यादव ने बताया कि सड़कों पर फैले बिजली की तार की वजह से उनकी पांचवीं गाय की अकाल मौत हुई है. स्थानीय निवासी हरिनाथ सेठ बताते है कि यहां 150 घरों में बिजली कनेक्शन दिया गया है. 3 माह के लिए बिजली विभाग ने अस्थाई कनेक्शन दिया था, और आज चार साल होने को आए हैं, अस्थाई को स्थाई नहीं किया गया है.

स्थानीय निवासी सुदामा साहू बताते हैं कि कुछ महीने पहले सभी 150 घर के लोग मिलकर 17 लाख का डिमांड नोटिस भी भरा था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है. वहीं स्थानीय निवासी रूपनाथ कहते हैं कि प्रशासन की तरफ से अभी तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है, हम लिखित शिकायत कर चुके हैं.

# राहुल गांधी की सदस्यता बहाल होने पर कांग्रेसियों ने मनाया जश्न

**नगरी** ।सुप्रीम कोर्ट द्वारा राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल होने पर बस स्टैंड नगरी से बजरंग चौक नगरी ढोल नगाड़े बजाकर और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर कांग्रेसियों ने खुशी मनाई। इस मौके पर विधायक लक्ष्मी ध्रुव एवं पूर्व विधायक अम्बिका मरकाम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से ना सिर्फलोकतंत्र की जीत हुई है, बल्कि असत्य पर सत्य की जीत हुई है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने लोगों के अंदर बैठे हुए भय को निकाला है।

# कांग्रेस ने सिरिवेला प्रसाद को बनाया छत्तीसगढ़ का ऑब्जर्वर


**मीनाक्षी नटराजन को तेलंगाना की जिम्मेदारी, AICC ने जारी किया आदेश**

रायपुर। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव की ऑब्जर्वर मीनाक्षी नटराजन को बदल दिया गया है। उनकी जगह AICC के सचिव डॉ सिरिवेला प्रसाद को जिम्मेदारी दी गई है।



जबकि मीनाक्षी नटराजन को तेलंगाना का ऑब्जर्वर बनाया गया है। नटराजन और प्रसाद की जिम्मेदारियों में बदलाव किया गया है। पिछले हफ्ते, नटराजन को छत्तीसगढ़ के लिए, जबकि प्रसाद को तेलंगाना के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था।

कांग्रेस ने बीते 31 जुलाई को पांच राज्यों में चुनाव के मद्देनजर सीनियर ऑब्जर्वर और ऑब्जर्वर की नियुक्ति की थी। इसमें छत्तीसगढ़ के लिए प्रीतम सिंह सीनियर ऑब्जर्वर और मीनाक्षी नटराजन ऑब्जर्वर को बनाया गया था। अब AICC के नए आदेश के मुताबिक मीनाक्षी नटराजन को तेलंगाना का ऑब्जर्वर बनाया है



Phone (O) : 011-23019320
011-23019080
E-mail : kcvenugopal.org@gmail.com
kcvenugopal.in@gmail.com
Website : www.inc.in

ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE

K.C. VENUGOPAL, M.P.
General Secretary

24, AKBAR ROAD,
NEW DELHI-110 011

06th August, 2023

PRESS RELEASE

Hon'ble Congress President has approved the proposal for the change in the responsibilities of the election observers for the ensuing assembly elections - 2023 as follows, with immediate effect.

1. Ms. Meenakshi Natarajan - Telangana
2. Dr. Sirivella Prasad - Chhattisgarh

(K.C. Venugopal)

वहीं छत्तीसगढ़ की जिम्मेदारी डॉ. सिरिवेल्ला प्रसाद सम्भालेंगे।

छत्तीसगढ़ के साथ अन्य चार राज्यों में नियुक्ति की गई थी जिसमें मध्यप्रदेश में रणदीप सुरजेवाला सीनियर ऑब्जर्वर और चंद्रकांत हंडोरे को कमान सौंपी गई है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यों में आगामी विधानसभा चुनाव-2023 की चुनावी तैयारियों की निगरानी के लिए चुनाव पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने इसका आदेश जारी किया था।

**12 करोड़ ब्याज देना पड़ता है...** **नहीं मिल रहे बड़े प्लॉट के खरीदार**

# आरडीए को नवंबर तक चुकाना है 90 करोड़ का कर्ज

रायपुर। विकास प्राधिकरण (आरडीए) कर्ज से उबर नहीं पा रहा है। आरडीए को नवंबर माह तक सेंट्रल बैंक का 90 करोड़ का कर्ज चुकाना है।




समय पर लोन नहीं चुकाने के कारण आरडीए को हर महीने 1 करोड़ और साल में करीब 12 करोड़ ब्याज देना पड़ता है। बैंक ने आरडीए को कर्ज चुकाने के लिए नवंबर 2023 तक का समय दिया है। बैंक का कर्ज चुकाने के लिए आरडीए ने शासन से व्यावसायिक भूखंडों का लेआउट बदलकर बेचने की अनुमति मांगी है। अनुमति मिलने के बाद भूखंड को छोटा कर बेचने की कार्रवाई की जाएगी। प्लॉट बेचने से आरडीए को जो आय होगी उसे वह बैंक में जमा कराएंगे। इससे उनकी परेशानियां खत्म हो जाएंगी। अधिकारियों की मानें तो बैंक का कर्ज लगातार चुकाया जा रहा है. इसे भी नवंबर माह तक जमा कर दिया जायेगा. आरडीए ने कमल विहार को बसाने के लिए साल 2010 में 500 करोड़ और 2015 में 100 करोड़ कुल 600 करोड़ का लोन लिया था।

जून 2022 में आरडीए और बैंक अधिकारियों के बीच बैठक हुई थी। बैठक में दोनों विभागों के बीच एकमुश्त समाधान योजना के तहत नवंबर 2023 तक 334 करोड़ रुपये का भुगतान करने पर सहमति बनी थी। इसके साथ ही यह निर्णय लिया गया कि बैंक छह महीने तक कोई ब्याज नहीं लेगा. वर्तमान में आरडीए ने अधिकांश ऋण चुका दिया है। फिलहाल 90 करोड़ रुपये चुकाने हैं. बैंक का कर्ज चुकाने के लिए आरडीए कमल विहार स्थित बड़े व्यावसायिक भूखंडों को काटकर बेचेगा।

### बड़े प्लॉटों के खरीदार नहीं मिल रहे हैं

*सूत्रों की मानें तो कमल विहार में 96 बड़े भूखंड, 81 आवासीय भूखंड, 7 व्यावसायिक भूखंड, 12 रो-हाउस, साथ ही इंद्रप्रस्थ में 2 आवासीय भूखंड और 10 मिश्रित भूखंड हैं। आरडीए को ऐसे भूखंडों के लिए खरीदार नहीं मिल रहे हैं। इसके चलते आरडीए बैंक को कमल विहार से कमाई तो दूर ब्याज मिलने में भी दिक्कत आ रही है।*

**सावन का पांचवां सोमवार**

# जलाभिषेक के लिए शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़



**रायपुर।** सावन के पांचवें सोमवार के दिन शिव मंदिर आस्था से सराबोर रहा। बूढेश्वर महादेव, हटकेश्वर महादेव सहित शहर अलग-अलग शिव मंदिरों में सुबह से बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ देखी गई। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इसके साथ भक्त बेल पत्र, धतूरा, दूध लेकर भगवान भोलेनाथ को अर्पित कर रहे हैं।

### सात नदियों के जल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक

इधर, कांवरिये कांधों पर कांवर थामकर भोले बाबा के जयकारे लगाते हुए शिवालय पहुंचे और जलाभिषेक किया। कांवर यात्रा में भगवान भोलेनाथ का रूप धारण किए बच्चे आकर्षण का केंद्र रहे। सुबह से दोपहर तक शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने सात नदियों के जल से शिवलिंग का अभिषेक किया। सात नदियों में गोमुख से लाए गए गंगाजल के अलावा खारुन नदी, शिवनाथ नदी, महानदी, अरपा नदी, नर्मदा नदी, सोंढूर नदी से लाया गया जल शामिल था। इसके पश्चात शाम को विविध मंदिरों में शिवलिंग का श्रृंगार अलग-अलग रूपों में किया जाएगा।

# दो टूक: शांति की पेशकश की वजह पाकिस्तान का विफल आर्थिक और सुरक्षा परिदृश्य, पहले बदले अपना रवैया

पिछले हफ्ते इस्लामाबाद में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान भारत के साथ वार्ता के लिए तैयार है, बशर्ते कि पड़ोसी देश महत्वपूर्ण मुद्दों पर गंभीर बातचीत के लिए तैयार हो, क्योंकि युद्ध अब कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि यह भी उतना ही जरूरी है कि हमारा पड़ोसी यह समझे कि जब तक शंकाएं दूर नहीं होतीं, तब तक हम सामान्य पड़ोसी नहीं बन सकते। इस साल यह दूसरी बार है, जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बातचीत की पेशकश की है।

इससे पहले विगत जनवरी में उन्होंने दुबई स्थित समाचार चैनल अल अरबिया को दिए इंटरव्यू में ऐसी ही बात कही थी। भारतीय प्रवक्ता अरिंदम बागची ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, दोनों देशों के बीच किसी भी तरह के जुड़ाव के लिए आतंक और शत्रुता मुक्त माहौल अनिवार्य है। पाकिस्तान को लेकर भारत का हमेशा यही रुख रहा है कि आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ संभव नहीं है। शंघाई सहयोग संगठन के विभिन्न सत्रों में पाकिस्तान ने भारत पर कूटनीतिक लाभ के लिए आतंकवाद को हथियार बनाने का आरोप लगाया है। दूसरी तरफ भारत ने हर वैश्विक मंच और द्विपक्षीय वार्ता में सीमापार आतंकवाद का मुद्दा उठाया है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर से जब शहबाज शरीफ के बयान पर प्रतिक्रिया पूछी गई, तो उन्होंने कहा कि हम विभिन्न मुद्दों पर भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत का समर्थन करते हैं। लंबे समय से हमारा यही रुख है। कुछ पाकिस्तानियों ने इससे यह मतलब निकाला कि अमेरिका उनका समर्थन करता है, जबकि अमेरिका ने केवल यह स्पष्ट किया कि वह भारत-पाकिस्तान के सभी मुद्दों को द्विपक्षीय मानता है। फरवरी, 2021 में संघर्ष विराम पर हुई सहमति के बाद से नियंत्रण रेखा पर शांति है। हालांकि न्यूनतम स्तर पर घुसपैठ की कोशिशें जारी हैं। जबकि पाकिस्तान के ड्रग्स-आतंकवाद के प्रयास आंशिक रूप से सफल हो रहे हैं। आतंकी गुटों में शामिल होने वालों की संख्या में भी कमी आई है। रिपोर्टों के मुताबिक, इस वर्ष मात्र सात युवक आतंकी गुटों में शामिल हुए, जिनमें से पांच को पहले ही खत्म कर दिया गया है। ऐसे में हताश होकर पाकिस्तान खालिस्तान का



हौवा खड़ा करने की कोशिश कर रहा है, जिसके पीछे पंजाब को अस्थिर करने की साजिश है।

**फरवरी, 2021 में संघर्ष विराम पर हुई सहमति के बाद से नियंत्रण रेखा पर शांति है। हालांकि न्यूनतम स्तर पर घुसपैठ की कोशिशें जारी हैं। जबकि पाकिस्तान के ड्रग्स-आतंकवाद के प्रयास आंशिक रूप से सफल हो रहे हैं।**

उसके ड्रोन पंजाब में नशीले पदार्थ एवं हथियार गिरा रहे हैं, और वह दुनिया भर में खालिस्तानी आंदोलन का समर्थन कर रहा है। भारत के लिए यह एक और खतरा है। पाकिस्तान की मौजूदा सरकार का कार्यकाल नौ अगस्त को खत्म हो रहा है और उसके बाद कार्यकारी प्रधानमंत्री कार्यभार संभालेंगे। कार्यकारी प्रधानमंत्री के पास कोई भी बड़ी वैश्विक वार्ता करने की शक्ति नहीं होगी। इधर भारत में भी अगले वर्ष की शुरुआत में लोकसभा के चुनाव होंगे। ऐसे में दोनों देशों में जब तक नई सरकार नहीं बन जाती, तब तक बातचीत की कोई संभावना नहीं है। लिहाजा सवाल उठता है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बार-बार इस मुद्दे को क्यों उठा रहे हैं। यह एक चुनावी हथकंडा हो सकता है, जिसका मतलब यह है कि सत्तारूढ़ पाकिस्तान सरकार आगामी चुनावों में भारत के साथ रिश्तों को सुलझाने के वादे पर वोट मांगेगी। एक दूसरा तर्क यह है कि शहबाज पाकिस्तान की आगामी सरकार के लिए एक रुख तय कर रहे हैं। यह सच है कि शांति की पेशकश की एक वजह पाकिस्तान का विफल आर्थिक और सुरक्षा परिदृश्य है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के राहत पैकेज के बावजूद वह पुराने ऋणों को चुकाने के लिए कर्ज लेने के दुश्चक्र में फंसा हुआ है। धन जुटाने के लिए वह अपनी राष्ट्रीय संपत्तियों-हवाई अड्डों एवं बंदरगाहों को बेचना चाहता है। निकट भविष्य में इस परिदृश्य में बदलाव की संभावना नहीं है। लेकिन भारत के साथ व्यापार से उसे बहुत लाभ हो सकता है। पाकिस्तान बिगड़ते सुरक्षा परिदृश्य का भी सामना कर रहा है। तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और इस्लामिक स्टेट खोरासान प्रांत के साथ बलूच स्वतंत्रता सेनानी पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर सक्रिय हैं। आए दिन पाक चौकियों पर हमले और आत्मघाती विस्फोटों से पाकिस्तान की अखंडता को खतरा पैदा हो रहा है। वहां की सेना स्थिति पर नियंत्रण पाने में असमर्थ है, क्योंकि अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को हक्कानी गुट समर्थन दे रहा है। तालिबान ने डूरंड रेखा को मानने से इन्कार कर दिया है। इसलिए वह पश्चिमी सीमा का समाधान करते हुए भारत के साथ शांति चाहता है। एक अन्य कारण यह हो सकता कि पाकिस्तान ने बदलते वैश्विक रुख को भांप लिया हो। चीन का करीबी होने के कारण पश्चिम उसे संदेह की नजर से देखता है। पाकिस्तान यह जानता है कि वह चीन को छोड़ नहीं सकता, क्योंकि ज्यादातर कर्ज उसने चीन से ही लिया है। उसे यह भी पता है कि चीन को चुनौती देने के लिए पश्चिम को भारत की जरूरत है, इसलिए भारत का समर्थन पाने के लिए पश्चिम उसे छोड़ देगा। अभी भारत उभरता हुआ वैश्विक सितारा है। हर वैश्विक नेता भारत का सहयोग और समर्थन चाहता है। इसके अलावा, भारत की अर्थव्यवस्था पाकिस्तान से दस गुना ज्यादा है।

हर्ष कक्कड़

## संपादकीय

### अमेरिका की साख में सेंध

फिच ने कहा है कि अमेरिका की क्रेडिट रेटिंग घटाना अगले तीन सालों में संभावित मौद्रिक गिरावट, बहुत तेजी से बढ़ते कर्ज और सरकारी तंत्र में उथल-पुथल का संकेत है। पिछले करीब दो दशकों में देश के सरकारी तंत्र में अस्थिरता देखी गई है।

जो बात कभी सोचना भी कठिन लगता था, वह अब सचमुच हो रहा है। रेटिंग एजेंसी फिच ने दुनिया की इस सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की क्रेडिट रेटिंग ट्रिपल ए से घटाकर डबल ए प्लस कर दी है। इसकी वजह बताते हुए एजेंसी ने कहा है कि पिछले दो दशक में सरकार के प्रशासन में लगातार गिरावट देखी जा रही है। देश की वित्तीय हालत और उस पर बढ़ते कर्ज के बोझ से बनी स्थिति भी चिंताजनक होती जा रही है। गौरतलब है कि निवेशक किसी भी सरकार को कर्ज देने के लिए या उस देश में निवेश से संबंधित जोखिम का मूल्यांकन क्रेडिट एजेंसियों की रेटिंग के आधार पर करते हैं। अब तक अपनी अर्थव्यवस्था के विशाल आकार और स्थिरता के कारण अमेरिका में निवेश को आम तौर पर बेहद सुरक्षित माना जाता था। लेकिन पिछले कुछ साल से अमेरिका में राजनीतिक अस्थिरता का दौर रहा है। 2020 के चुनावों के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने जो बाइडेन की जीत को स्वीकार करने से ही इनकार कर दिया था।

इस बीच पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को मुकदमों में फंसाने की जारी कोशिशों से उनके समर्थकों में नाराजगी बढ़ रही है। इसे एक प्रकार की संभावित अस्थिरता का कारण समझा जा रहा है। दोनों प्रमुख पार्टियों के बीच बढ़ते टकराव का नतीजा है कि इस साल जून में अमेरिका डिफॉल्टर होने के कगार तक पहुंच गया था। तब सरकार को कर्ज सीमा बढ़वाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को खासी मशक्कत करनी पड़ी थी।

# मैंने मदन दास की विशेषताओं से बहुत कुछ सीखा

कुछ दिनों पहले, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ प्रचारक मदन दास देवी जी के हुए देहावसान से मुझे और लाखों कार्यकर्ताओं को जो आघात पहुंचा है, उसके लिए कोई शब्द नहीं हैं। मदन लाल जी जैसे प्रभावशाली व्यक्तित्व हमारे बीच नहीं रहे। इस चुनौतीपूर्ण सच्चाई को स्वीकारना कठिन है लेकिन इस बोध से सांत्वना मिलती है कि उनसे जो सीख मिली है और उनके आदर्श रहे हैं, हमारी आगे की यात्रा में मार्गदर्शक के रूप में काम करते रहेंगे।

मदन दास जी के साथ मुझे वर्षों तक निकटता से काम करने का सौभाग्य मिला। मैंने उनकी सादगी और मृदुभाषी स्वभाव को बहुत करीब से देखा है। वह सर्वोत्कृष्ट संगठनकर्ता थे। संगठन में काम करते हुए मैंने भी काफी समय उनके साथ बिताया है। ऐसे में स्वाभाविक ही है कि संगठन के संवर्धन और कार्यकर्ताओं के विकास से जुड़े पहलू नियमित रूप से हमारी बातचीत में शामिल होते रहे। ऐसे ही एक चर्चा के दौरान, मैंने उनसे पूछ लिया कि वह कहां के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि वैसे तो वह महाराष्ट्र के सोलापुर के पास के एक गांव के हैं लेकिन उनके पूर्वज गुजरात से आए थे। लेकिन उन्हें यह नहीं मालुम था कि वे किस गांव से आए थे। मैंने उन्हें बताया कि मेरे एक शिक्षक थे जिनका सरनेम देवी था और वे विसनगर के रहने वाले थे। बाद में, वह विसनगर और वडनगर भी गए। हमारी बातचीत भी उनसे गुजराती में होती थी।

मदन दास जी में अनेक विशिष्टताएं थीं। उन विशेषताओं एक खासियत यह भी थी कि शब्दों से आगे जाकर उन शब्दों के पीछे की भावनाओं को समझने की क्षमता। मृदु-भाषी और हमेशा मुस्कुराते रहने वाले, मदन दास जी घंटों की लम्बी चर्चाओं को संक्षेप में और कुछ ही वाक्यों में प्रस्तुत कर सकते थे।

मदन दास जी की जीवनयात्रा के पहलू विस्मयकारी हैं और उन



पहलुओं को कोई इंसान तभी हासिल कर सकता है जब उसने खुद को पीछे रख दिया हो और समूह को आगे किया हो। उन्होंने चार्टर्ड अकाउंटेंट होने के बावजूद संघ कार्य को महत्व दिया। वह आराम का जीवन जी सकते थे, लेकिन उनका उद्देश्य कुछ और था- भारत के विकास के लिए काम करने में।

मदन दास जी को भारत के युवाओं पर बहुत विश्वास था। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को मजबूत करने में खुद को झोंक दिया। इस यात्रा में वह जिन लोगों से प्रभावित रहे, उनमें से एक थे यशवंतराव केलकर जी। वह उनसे बहुत प्रेरित थे और अक्सर उनके बारे में बात करते थे। मदन दास जी ने विद्यार्थी परिषद के काम में अधिक से अधिक छात्राओं को शामिल करने और उन्हें एक मंच प्रदान करके सशक्त बनाने पर जोर दिया ताकि वे समाज कल्याण में योगदान दे सकें। वह अक्सर कहा करते थे कि छात्राएं जब किसी सामूहिक प्रयास में शामिल होंगी तो वह प्रयास हमेशा ही ज्यादा संवेदनशील बनकर उभरेगा। विद्यार्थियों के प्रति स्नेह उनके लिए अन्य सभी चीजों से ऊपर था। उनका वह हर समय छात्रों के बीच रहे, लेकिन पानी में कमल की तरह।

मैं ऐसे कई नेताओं को जानता हूं जिन्होंने अपना जीवन मदन दास जी के मार्गदर्शन में शुरू किया। युवावस्था के दौरान उनका उत्थान मदन दास जी से मिले मार्गदर्शन की वजह से हुआ लेकिन इसे लेकर बड़े-बड़े दावे करना उनके स्वभाव में कभी नहीं रहा।

आजकल, जन-प्रबंधन, प्रतिभा- प्रबंधन और कौशल प्रबंधन की अवधारणाएं बेहद लोकप्रिय हो गईं हैं। लोगों को समझने और उनकी प्रतिभा को संगठनात्मक लक्ष्यों पर आधारित करने में मदन दास जी को विशेषज्ञता जग-जाहिर थी। वह विशिष्ट थे क्योंकि वह लोगों की क्षमताओं को समझते थे और उसकी क्षमता के आधार पर ही उसे काम सौंपते थे। वह इस बात के पक्षधर नहीं थे कि लोगों को उनकी जरूरत के हिसाब से जिम्मेदारी सौंपी जाए। यही वजह है कि किसी भी युवा कार्यकर्ता के पास यदि कोई नया विचार होता तो मदन दास जी उसकी आवाज को आगे करते थे। यही वह मूल वजह है कि जिसकी वजह से उनके साथ काम करने वाले बहुत से लोग अपनी क्षमता के आधार पर अलग छाप छोड़ने के लिए स्व-प्रेरित हुए। इसीलिए, संगठन का उनके नेतृत्व में लगातार विस्तार होता गया।

यह कहने की जरूरत नहीं कि मदन दास जी को संगठन के काम से यात्राएं बहुत करनी पड़ती थी और उनका व्यस्त कार्यक्रम होता था। लेकिन बैठकों के लिए वह हमेशा अच्छी तरह तैयार रहते थे। उनकी कार्यसूची हमेशा सरल होती थी, बोझिल नहीं, किसी कार्यकर्ता पर बोझ भी नहीं। उनकी यह खासियत अंत तक उनमें अभिन्न रूप से बनी रही। अपनी लम्बी बीमारियों का उन्होंने डटकर सामना किया। जब भी मैं उनसे पूछता था तो कई बार पूछने के बाद ही वह बीमारी के बारे में बात करते थे। शारीरिक तकलीफों के बावजूद वह खुश रहे। बीमारी की हालत में भी वे लगातार यही सोचते रहते थे कि देश और समाज के लिए वे क्या कर सकते हैं।

**- पीएम नरेन्द्र मोदी**

## मिला जुला

# देश विरोधी प्रोपेगेंडा, चाइनीज फंडिंग... संसद में उठा न्यूज क्लिक का मामला




**नई दिल्ली।** लोकसभा में मीडिया पोर्टल NEWS CLICK (न्यूजक्लिक) का मुद्दा उठा. बीजेपी सासंद निशिकांत दुबे ने कहा कि NEWS CLICK को चीन से फंडिंग मिल रही है. उन्होंने कहा कि NEWS CLICK देश विरोधी है. निशिकांत ने मीडिया पोर्टल पर चाइनीज फंडिंग से सरकार के खिलाफ माहौल बनाने का आरोप लगाया. इतना ही नहीं निशिकांत दुबे ने इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस पर भी निशाना साधा. वहीं, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी कहा, यहां तक कि 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' जैसे अखबार भी अब स्वीकार कर रहे हैं कि नेविल रॉय सिंघम और उनका NewsClick चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के खतरनाक हथियार हैं और दुनिया भर में चीन के राजनीतिक एजेंडे को बढ़ावा दे रहे हैं.

### राहुल की मोहब्बत की दुकान में चीनी सामान- ठाकुर

अनुराग ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान न्यूज क्लिक से जुड़ी है. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की नकली मोहब्बत की दुकान में चीनी सामान है. उन्होंने कहा, न्यूज क्लिक जब शुरू हुआ, उसके बाद करोड़ों रुपये की फंडिंग मिली. हम इस एंटी इंडिया एजेंडे को चलने नहीं देंगे. अनुराग ठाकुर ने कहा, चीन के प्रति प्यार दिखता था और भारत के खिलाफ दुष्प्रचार विदेशी जमीन से, विदेशी न्यूज एजेंसियों के माध्यम से भी प्रोपेगेंडा के तहत होता था.

## पुंछ में घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे, 24 घंटे में तीन आतंकी ढेर

# एलओसी के पास सेना ने दो आतंकियों को मार गिराया

**श्रीनगर।** भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आज सुबह जॉइंट ऑपरेशन में एलओसी के पास दो आतंकवादियों को मार गिराया। ये आतंकी रूष्ट के पास घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे।

जम्मू के पीआरओ लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने बताया, ऑपरेशन अभी जारी है। पिछले 24 घंटे में सेना ने जम्मू-कश्मीर में तीन आतंकवादियों को ढेर किया है।

5 अगस्त को राजौरी में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया था। इससे पहले कुलगाम में 4 अगस्त को आतंकियों के साथ मुठभेड़ में तीन जवान शहीद हो गए थे।

### जम्मू-कश्मीर के राजौरी, पुंछ में 2-3 आतंकी समूह सक्रिय

6 अगस्त को हुए एनकाउंटर का जायजा लेने के लिए एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस मुकेश सिंह राजौरी पहुंचे हैं। उन्होंने



मीडिया को बताया कि पीर पंजाल इलाके यानी राजौरी और पुंछ जिलों में लगभग तीन आतंकी समूह सक्रिय हैं।

इनमें से हर एक समूह में दो से तीन लोग होने की आशंका हैं। हालांकि, एडीजी ने कहा कि आतंकियों का सही आकंड़ा बता पाना मुश्किल है। उन्होंन यह भी कहा कि सुरक्षाबल इस इलाके से आतंकियों को मिटाने के लिए हर कोशिश कर रहे हैं।

### राजौरी के गांव में देखे गए थे आतंकी, अभी तक एनकाउंटर जारी

एनकाउंटर को लेकर उन्होंने बताया कि बुढ़ल के गुंदाह-खवास गांव में कुछ आतंकी देखे गए थे। जानकारी मिलते ही एक पुलिस पार्टी तुरंत गांव पहुंची और सेना को इसके बारे में सूचना दी गई। जब इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया गया तो आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चलाना शुरू कर दिया। पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक आतंकी मारा गया।

उन्होंने बताया कि जो आतंकी मारा गया, उसके पास से मिलने सामान, दवाइयों और जूतों से उसके पाकिस्तानी होने के सबूत मिले हैं। एनकाउंटर वाली जगह से रेनकोट और खाने-पीने की चीजों के अलावा और भी कुछ सामान बरामद हुआ है, जिससे ये समझा जा सकता है कि इन आतंकियों को जंगल में रहने की ट्रेनिंग दी गई थी। फिलहाल गांव में एक और आतंकी मौजूद हैं और एनकाउंटर जारी है।

सेना और आतंकियों के बीच जहां मुठभेड़ चल रही है वहां से बड़ी मात्रा में हथियार भी बरामद किए गए हैं। इनमें एके-47 रायफल, 6 पिस्टल, मैगजीन और गोलियां बरामद की गई हैं।

# राहुल गांधी की 4 महीने बाद लोकसभा की सदस्यता बहाल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता लगभग चार महीने बाद बहाल हो गई है. इसकी अधिसूचना भी जारी हो गई है. राहुल गांधी की सदस्यता ऐसे समय में बहाल हुई है, जब संसद में कुछ दिनों बाद ही अविश्वास प्रस्ताव पर बहस होने वाली है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उपनाम के बारे में उनकी



टिप्पणियों के बाद मानहानि मामले में दो साल की जेल की सजा मिलने के बाद मई में राहुल गांधी को अयोग्य घोषित कर दिया गया था. 2019 के आम चुनाव से पहले कर्नाटक के कोलार में एक रैली में, पीएम मोदी पर कटाक्ष करते हुए गांधी ने कहा था कि सभी चोरों का सामान्य उपनाम मोदी कैसे है? इस संबंध में लोकसभा सचिवालय ने एक अधिसूचना जारी की. सचिवालय ने अधिसूचना में कहा कि उच्चतम न्यायालय के चार अगस्त के फैसले के मद्देनजर राहुल गांधी की अयोग्यता संबंधी 24 मार्च की अधिसूचना का क्रियान्वयन आगामी न्यायिक फैसले तक रोका जाता है. अधिसूचना में कहा गया है, '24 मार्च, 2023 की अधिसूचना की निरंतरता में सुप्रीम कोर्ट ने चार अगस्त, 2023 को विशेष अनुमति अपील (सीआरएल) संख्या 8644/2023 को लेकर एक आदेश पारित किया है, जिसमें केरल के वायनाड संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्य श्री राहुल गांधी की सजा पर रोक लगा दी गई है.

# अब नूंह में नहीं चलेगा सीएम खट्टर का बुलडोजर, पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने लगाई रोक

हरियाणा के नूंह में 31 जुलाई को हिंसा के बाद सरकार की तरफ से अवैध निर्माण पर लगातार बुलडोजर चल रहा है, लेकिन अब पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश के बाद इस कार्रवाई पर रोक लगा दी गई है. दरअसल, सरकार की तरफ से नूंह में लगातार हिंसा में शामिल आरोपियों के निर्माण और दुकानों को गिराया जा रहा था. अब हाईकोर्ट के आदेशों के अनुपालना करते हुए तोड़फोड़ अभियान को रोक दिया गया है. डीसी ने संबंधित अधिकारियों को अवैध निर्माण पर




कार्रवाई रोकने के आदेश दिए हैं. नूंह में पिछले चार दिन से तोड़फोड़ की कार्रवाई चल रही थी. इस दौरान 753 से ज्यादा घर-दुकान, शोरूम, झुग्गियां और होटल गिराए जा चुके हैं. प्रशासन ने इन्हें अवैध बताते हुए कहा कि इनमें रहने वाले 31 जुलाई की हिंसा में शामिल थे. नूंह में अब तक प्रशासन ने 37 जगहों पर कार्रवाई कर 57.5 एकड़ जमीन खाली कराई. इनमें 162 स्थायी और 591 अस्थायी निर्माण गिराए गए. नूंह शहर के अलावा पुन्हाना, नगीना, फिरोजपुर झिरका और पिंगनवा जैसे इलाकों में भी अतिक्रमण हटाए गए. कल प्रशासन ने हिंसा के दिन जिस 3 मंजिला सहारा होटल से पत्थरबाजी की गई, उसे भी गिरा दिया था.

# राज्यसभा में दिल्ली सर्विस बिल : सिंघवी बोले- सुपर सीएम बनाने की कोशिश, बीजेपी ने बताया संविधान के लिए जरूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को राज्यसभा में दिल्ली सेवा बिल (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार संशोधन-विधेयक, 2023) पेश किया. लोकसभा से यह बिल पास हो चुका है. सत्तापक्ष और विपक्ष ने अपने अपने सांसदों को व्हिप जारी कर सदन में उपस्थित रहने के लिए कहा है. दिल्ली में अधिकारों की जंग वाले इस बिल पर आम



आदमी पार्टी को 26 विपक्षी पार्टियों ('INDIA' गठबंधन) का समर्थन है. इसके अलावा तेलंगाना की सत्ताधारी ब्क्रस ने भी अपने सांसदो का बिल का विरोध करने के लिए कहा है. उधर, बसपा इस बिल पर बायकॉट करेगी. जबकि बीजेडी, वाईएसआर और टीडीपी जैसे गैर NDA दलों ने भी मोदी सरकार को बिल पर समर्थन देने का ऐलान किया है. माना जा रहा है कि दिल्ली सेवा विधेयक पर चर्चा के बाद सोमवार शाम को ही इस पर वोटिंग हो सकती है. इससे पहले लोकसभा में विपक्षी दलों के बायकॉट के बीच ध्वनिमत से पारित हो गया था.

# चिराग की चाचा पशुपति पारस के साथ हो गई डील! जमुई की जनता से 'बुढ़ापे' तक के लिए मांगा आशीर्वाद

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने 'बुढ़ापे' तक के लिए जमुई लोकसभा क्षेत्र के लोगों से आशीर्वाद मांगा है। उनकी टिप्पणी राज्य की राजनीति में काफी मायने रखती है, क्योंकि चिराग पासवान दावा करते रहे हैं कि वह 2024 का लोकसभा चुनाव हाजीपुर से लड़ेंगे। हालांकि, अब कयास लगाए जा रहे हैं कि चिराग



पासवान ने अपने चाचा और हाजीपुर से मौजूदा सांसद पशुपति कुमार पारस के साथ डील कर ली है। वहीं चिराग पासवान ने सीएम नीतीश कुमार के खिलाफ एक बार फिर ताबड़तोड़ जुबानी हमला किया है। चिराग पासवान विपक्षी दलों के नए गठजोड़ को 'घमंडी लोगों का गठबंधन' करार दिया है। जहां एक के नुकसान से दूसरे को फायदा मिलता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विपक्षी दलों के केंद्र में आ रही है, जिससे विपक्षी घटक दलों की बेचैनी बढ़ने वाली है। दरअसल, यह बात उन्होंने राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने और सजा पर स्टे लगाए जाने को लेकर कहीं है।

## जनचौपाल में प्राप्त हुए 70 से अधिक आवेदन

# शिवमती कहिस राशन कार्ड नि बनिस हे ता परेशानी होत हे कलेक्टर के निर्देश में मौके पर बना राशन कार्ड

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

आयोजित जन चौपाल में आज ग्राम-बिरसिंघा की शिवमती भगत एवं उनके पति गोविन्द भगत कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के समक्ष अपना आवेदन लेकर जैसे ही उपस्थित हुए। कलेक्टर सिन्हा अपने बेहद सरल व सौम्य अंदाज के साथ छत्तीसगढ़ बोली में उन्हें पूछा का परेशानी हे दीदी, कलेक्टर की छत्तीसगढ़ी बोली सुनकर वे भी बेझिझक सहज अंदाज में अपनी बात रखी और कहा कि मैं दृष्टिबाधित ह, अऊ मोला शासन के योजना के लाभ नई मिलत हेए अऊ राशन कार्ड भी नि बनिस हे ता बहुत परेशानी होत हे। कलेक्टर सिन्हा ने उनकी परेशानी को देखते हुए तुरंत उन्हें अन्त्योदय अन्न योजना विशेष कमजोर समूह का राशन कार्ड बनवाकर सौंपा एवं चलने में आसानी के लिए स्टीक प्रदान किया। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि प्रति सोमवार को आयोजित जनचौपाल में जिलेवासी कलेक्टोरेट में अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर आते है। कलेक्टर सिन्हा भी आवेदकों से उनके उन्हीं के सहज अंदाज एवं छत्तीसगढ़ी बोली के साथ उनके समस्याओं का समाधान मौके पर करने की कोशिश के साथ विभागीय अधिकारियों को आवेदन के निराकरण के लिए निर्देशित करते हैं। इसी तरह सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्राम नवापाली तलीपारा के



ग्रामीण पहुंचे थे। उन्होंने कलेक्टर सिन्हा को बताया कि गांव में पक्की सड़क एवं गली का निर्माण नहीं हुआ हैं। जिसके कारण ग्रामीणों, स्कूली छात्र-छात्राओं के आवाजाही के साथ बीमार व्यक्तियों को लाने व ले जाने में ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कलेक्टर सिन्हा से आग्रह किया कि ग्रामवासियों की परेशानियों को समझते हुए अविलंब सड़क निर्माण करवाया जाए। कलेक्टर सिन्हा ने आवेदन पर सीईओ जनपद पुसौर को परीक्षण कर समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार विकासखंड खरसिया निवासी शंकरलाल नक्शा, बटांकन एवं सीमांकन की मांग को लेकर जन चौपाल में पहुंचे थे। उन्होंने कलेक्टर सिन्हा को बताया कि भूमि का नक्शा बटांकन नहीं होने से उनकी भूमि की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है, जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कलेक्टर सिन्हा से भूमि का नक्शा, बटांकन एवं सीमांकन करने हल्का पटवारी को निर्देशित करने का आग्रह किया। कलेक्टर सिन्हा ने आवेदन का प्राथमिकता से निराकरण के लिए तहसीलदार खरसिया को निर्देश दिए। तहसील रायगढ़ के ग्राम ननसिया निवासी ताराचंद सारथी किसान सम्मान निधि प्रदान करने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि वे निम्न वर्ग किसान एवं शारीरिक रूप से असक्षम है। इसी प्रकार उनका पुत्र भी शारीरिक रूप से असमर्थ होने से वह उन पर आश्रित हैं। उन्होंने कलेक्टर सिन्हा से आग्रह किया कि उनकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए किसान सम्मान निधि का लाभ प्रदान किया जाए। कलेक्टर सिन्हा ने उप संचालक कृषि को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत ओंगना निवासी रमशीला बाई रसोईया कार्य के लिए पुनः रखने एवं लंबित वेतन भुगतान के संबंध में आवेदन लेकर जनचौपाल में पहुंची थी। उन्होंने कलेक्टर सिन्हा को बताया कि लगभग दस वर्षो से प्राथमिक शाला ओंगना में रसोईया का कार्य कर रही हैं, जून 2022 से उनको वेतन प्रदान नहीं किया गया है, फिर भी नियमित रूप से कार्य कर रही थी।

इसके पश्चात फरवरी 2023 को उन्हें कार्य से निकाल दिया गया। उन्होंने कलेक्टर सिन्हा से पुनः कार्य में रखने एवं लंबित वेतन भुगतान की मांग की। कलेक्टर सिन्हा ने जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन पर कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार जनचौपाल में पेंशन, राशन, राजस्व, चिकित्सा, पेयजल, भू.अर्जन, विद्युत, शिक्षा, वनअधिकार पत्र, पेंशन, श्रम, राशन आदि से संबंधित लगभग 73 आवेदन प्राप्त हुए थे। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने जिला स्तरीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए।

## एक नजर

### राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाना लोकतंत्र में,न्याय व संविधान की बड़ी जीत हुई हैं- झूमूकलाल दिवान

**कोंडागांव** । कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष झूमूकलाल दिवान ने कहा कि देश के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाना भारतीय लोकतंत्र, प्रजातंत्र और न्याय तथा संविधान की बड़ी जीत हुई हैं । जिससे लोकतंत्र व न्याय पालिका में लोगो की आस्था को बढ़ावा दिया है । राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाकर सत्य व न्याय की जीत हुई हैं राहुल गांधी लगातार केंद्र में बैठी भाजपा सरकार व भाजपा की जनविरोधी नितियों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद होने का कार्य कर रहे थे। जिसके कारण भाजपा ने एक षडयंत्र के तहत राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके देश के दलित, अल्पसंख्यकों , गरीब, मजदूरों , छोटे व्यापारियों तथा शोषित वर्गो सहित देश मे बढ़ती महंगाई पर आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा था । देश के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से साबित हो गया है कि देश भारतीय संविधान से चलता है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा संविधान के आलोक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सदस्यता पर रोक लगाना ऐतिहासिक निर्णय है जिसमें सच्चाई की जीत हुई है । कोर्ट के फैसले से लोकतंत्र व न्याय पर जनता का विश्वास बढ़ा है। इस फैसले से देश व कांग्रेस पार्टी के हौसले बुलंद हुए, देशवासियों सभी कांग्रेसजनों ने खुशियों मनाई । बिरेन्द्र मसिया ने आगे कहा कि %राहुल गांधी% का नाम सुनते ही देश के नागरिकों के मन में एक एसे गांधीवादी नेता की छवि सामने आती है, जो देश मे एकता , भाईचारा तथा सद्भावना की बात करता है । जो देश मे लोकतंत्र, प्रजातंत्र व संविधान को बचाने और उसे अक्षुण्ण रखने की बात करता है । सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले से साबित हुआ की लोकतंत्र में न्याय व सच्चाई की जीत हुई है।



विधानसभा निर्वाचन-2023

### स्वीप नोडल अधिकारी ने ली निर्वाचन संबंधी बैठक

**दंतेवाड़ा** । जिले में विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के द्वितीय चरण की शुरुआत हो चुकी है। जिसके संबंध में आज स्वीप नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन ने जिले के सभी तहसीलों के बीएलओ, सुपरवाइजर की क्रमवार समीक्षा बैठक लेकर निर्वाचन संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। जनसंख्या रेशियो और इलेक्शन के अनुसार ईपी रेशियो की भी विस्तृत जानकारी लेकर समीक्षा की। उन्होंने सेक्टर वाइस मतदान केंद्रों में मतदाताओं की मतदाता सूची में पंजीयन में जानकारी लेते हुए जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए सभी पात्र लोगों का मतदाता सूची में नाम जोड़ने के निर्देश दिए। दंतेवाड़ा जिले में 273 मतदान केंद्र बनाए गए है। आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए सभी लोगों को चुनाव प्रक्रिया में मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर देने की बात कही। बैठक में स्वीप नोडल अधिकारी ने कहा कि विभागीय कार्यों के अंतर्गत स्वीप गतिविधियों के माध्यम से जिले में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए मतदान का महत्व बताते हुए मतदाताओं को अपने अधिकार का प्रयोग करने प्रेरित करें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुरेंद्र कुमार ठाकुर, एसडीएम,तहसीलदार सहित सबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।



### रायपुर पुलिस का अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी

**रायपुर** । स्वतंत्रता दिवस को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशानुसार अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने सहित सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर जिले में चलाया गया विशेष अभियान।

गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश, संदिग्ध व्यक्ति, असमाजिक तत्वों, अड्डेबाजों सहित अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध चलाया गया विशेष अभियान। अलग-अलग थानों में कुल 60 आरोपियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही करने के साथ-साथ 1 आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट एवं 2 आरोपियों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कुल 63 आरोपियों को भेजा गया जेल। रायपुर पुलिस का यह अभियान कार्यवाही लगातार रहेगा जारी।

स्वतंत्रता दिवस को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व शांति व्यवस्था सहित अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों पर नकेल कसने के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर/अपराध अभिषेक माहेश्वरी के नेतृत्व में समस्त नगर पुलिस अधीक्षकों के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना के बलों सहित एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाते हुए गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश, संदिग्ध व्यक्ति, असमाजिक तत्वों एवं अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान कार्यवाही के दौरान आज दिनांक 05.08.2023 को पुलिस टीमों द्वारा थाना खरोरा से 1 आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट, इसी प्रकार थाना गंज से 2 आरोपियों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट पर कार्यवाही करने के साथ-साथ कुल 60 गुण्डा/निगरानी बदमाश, असमाजिक तत्वों, अपराधों से संलिप्त व्यक्तियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को जेल भेजा गया।

## अंदकुरी गांडा समाज ब्लॉक स्तरीय बैठक मसोरा में संपन्न



**कोंडागाँव** । अगस्त 2023 को अंदकुरी गांडा समाज ब्लॉक स्तरीय बैठक मसोरा मंडल में आयोजित किया गया था, बैठक में अंदकुरी गांडा समाज समन्वयक समिति छत्तीसगढ़ के प्रांतीय कमेटी द्वारा सामाजिक जनगणना फार्म दिया गया है । उस सामाजिक जनगणना फार्म को अन्दकुरी गांडा समाज के जिला के समस्त ब्लॉक में वितरण किया गया है । ताकि यह पता चले की कोंडागांव जिला में अंदकुरी गांडा समाज के कितनी जनसंख्या है । कोंडागांव ब्लॉक द्वारा मसोरा मंडल में आज बैठक रखकर गांधीवार्ड, मसोरा, दहिकोंगा, बनियागांव, गिरोला, कुम्हारपारा, बड़ेबेंदरी, करंजी, पल्लारी, सरगीपाल, जामपदर, मुंगापदार, डोंगरीपारा के द्वारा फॉर्म को भरकर जमा किया गया ।

# मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस के 48 वार्ड अध्यक्ष की बैठक संपन्न

श्रेष्ठ बस्तर श्रेष्ठ जगदलपुर का लिया गया संकल्प 10 दिनों तक वार्ड अध्यक्ष पहुंचेंगे घर-घर

**जगदलपुर** । बस्तर अधिकारी मोर्चा एवं जनता कांग्रेस जे पार्टी की जगदलपुर शहर के समस्त48 वार्ड अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक मोर्चा के प्रमुख नेता एवं कांग्रेस के जिलाध्यक्ष श्री नवनीत चांद की उपस्थिति में संपन्न हुई।

श्री नवनीत चांद ने उक्त जारी विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में श्रेष्ठ बस्तर श्रेष्ठ जगदलपुर निर्माण संकल्प का सभी ने का सभी ने संकल्प लिया। इस बैठक दौरान पहली बार प्रशिक्षण शाला का संपन्न हुआ इसमें सभी ने उत्साह पूर्वक भाग लिया ।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर श्रेष्ठ बस्तर श्रेष्ठ जगदलपुर संकल्प को लेकर वार्ड अध्यक्ष घर-घर का दौरा कर लोगों से



घर घर जाकर भाजपा एवं कांग्रेस के झूठे वादों का पोल खोला जाएगा

संपर्क करेंगे और उन्हें संकल्प अभियान से जोड़ने के साथ उनके बीच भाजपा एवं कांग्रेस पार्टी के झूठ से परिचित कराया जाएगा कराया जाएगा झूठे वादों का पोल खोला जाएगा। श्री चांद ने कहा की समस्त बस्तर वासियों का हमें भरपूर सहयोग विश्वास मिल रहा है यह हमारी शक्ति है बस्तर उठकर खड़ा हो रहा है और मुक्ति मोर्चा के साथ जनता कांग्रेस को अपना साथ दे रही है अब बस्तर के साथ धोखाधड़ी नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि हमारी टीम तैयार है हर स्तर पर ताकि जनता के साथ जुड़कर हम श्रेष्ठ बस्तर का निर्माण कर सके

बैठक में संतोष सिंह, धनसिंग बघेल ,संगीता सरकार,सुंदर चंर्द्वन्सी,डेनिस राज,वनमली नाग,आदि पदाधिकारी एवं 48 वार्ड के वार्ड अध्यक्ष उपस्थित थे



# राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षकों की बैठक रायपुर में संपन्न

**कोण्डागांव।** दिनांक 06/08/ 2023 को संकल्प 18 कैलाश रेसीडेंसी शंकर नगर रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य एवं राष्ट्रीय अवार्ड फोरम का बैठक आयोजित किया गया।बैठक की शुरुआत प्रदेशभर से आए हुए राज्यपाल एवं राष्टपति पुरस्कृत शिक्षकों की उपस्थिति में श्रीमती अनिता धनेध्वर के द्वारा माँ वीणा वादिनी की वंदना व सामूहिक राज्यगीत के साथ प्रारम्भ किया गया। तत्पश्चात सभी अवार्डी शिक्षक अपना परिचय दिए । इस अवसर पर राज्य एवं राष्ट्रीय अवार्डी फोरम के प्रदेश सचिव विष्णु शर्मा ने मंच संचालन करते हुए फोरम के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि हमारा फोरम राष्ट हित, समाज हित, छात्र हित के साथ शिक्षकों के हित के लिये कार्य करने को बनी है, हम अपने कार्यो से अपने विभाग की विशिष्टता को कैसे सामने लाये ये विचारणीय तथ्य है। श्री शर्मा ने आगे बताया कि राज्यपाल व रास्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षको की बहुप्रतीक्षित दो सूत्रीय मांग है जिसमे पुरस्कृत शिक्षको को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन एवम् सेवानिवृत्ति में राज्यपाल एवं राष्टपति पुरस्कृत शिक्षको को तीन वर्ष की बढ़ोतरी किया जावे। इन दोनों मांगो पर राज्य शासन को आर्थिक बोझ नही पड़ेगा। तत्पश्चात माननीय शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे के निवास में दो सूत्रीय मांग के बारे में ज्ञापन सौंपा गया । इस विषय पर शिक्षा मंत्री ने मंत्रालय में आकर चर्चा करने की बात कही।






**'राज्यपाल एवं रास्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक 'आउट ऑफ टर्न प्रमोशन एवं सेवानिवृत्ति में 3 वर्ष की बढ़ोत्तरी' की मांग को लेकर शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन'**

## मुख्यमंत्री विश्व आदिवासी दिवस में बस्तर जिले को 637 करोड़ 03 लाख से अधिक राशि की विकास कार्यों की देंगे सौगात

2300 विकास कार्यों में 1838 भूमिपूजन और 462 लोकार्पण है शामिल

**जगदलपुर** । मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल अपने संम्भावित बस्तर प्रवास के दौरान विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त के अवसर पर जिलेवासियों को 637 करोड़ 03 लाख से अधिक लागत के 2 हजार 300 विकास कार्यों की सौगात देंगे। जिसमें 486 करोड़ 70 लाख 76 हजार रुपये लागत के 1838 कार्यों का भूमिपूजन तथा 150 करोड़ 32 लाख रुपए लागत के 462 कार्यों का लोकार्पण करेंगे।

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम अनुसार 8 अगस्त को महारानी अस्पताल में निर्मित अंबक नेत्र चिकित्सालय और दलपत सागर के समीप सेहत बाजार (मिलेट्स कैफ) का भी लोकार्पण करेंगे। 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पर पीजी कालेज ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर जिले के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे। साथ ही विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण और हितग्राही मूलक सामग्रियों का वितरण करेंगे। इसके उपरांत मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे।



**मुख्यमंत्री अंबक नेत्र चिकित्सालय और सेहत बाजार (मिलेट्स कैफे) का करेंगे लोकार्पण**

# किशोर एवं रफी के गीतों में झुमते रहे संगीत प्रेमी

**कोण्डागांव।** बीते रात सामुदायिक भवन मे गीतांजलि म्यूजिकल ग्रुप व रफी फैंस क्लब के द्वारा संगीत मय संध्या का आयोजन किया गया जहां मोहम्मद रफी एवं किशोर कुमार के गाऐ यादगार सुनहरे गीतों को पेश किया । कार्यक्रम की शुरुआत ललीन पांडेया, आचार्य दादा एवं महेंद्र यदु जी के द्वारा मां सरस्वती की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर अमर गायक मोहम्मद रफी साहब एवं किशोर कुमार के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई । कार्यक्रम स्वर कोकिला लता मंगेशकर द्वारा गाऐ फिल्म राम तेरी गंगा मैली के गीत एक राधा एक मीरा दोनों श्याम को चाहा से शुरुआत की गई । इसके बाद गीतांजलि म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा गुजरे जमाने के बेहतरीन सदाबहार पुराने गीतों को समित के होनहार गायको द्वारा पेश किया गया जिसे लोगों ने काफी पसंद किया एवं तालियों की गुंज से कलाकारों का हौसला बुलंद करते रहे । अशोक बघेल द्वारा गीत चाहूंगा मैं तुझे सांझ सवेरे लोगों ने काफी पसंद किया । वही फिल्म मि, नटवरलाल के गीत परदेसिया परदेसिया ऐ सच है पिया समिष्टा विश्वास,निलकमल नाग ने गाया और लोगो को झुमने पर मजबुर कर दिया । वहीं इस संगीतमय कार्यक्रम के दौरान समय-समय पर गीतांजलि म्यूजिकल ग्रुप के गायककार दुष्यंत डाली, शंकर सरकार, रविन्द्र देवांगन,अमन कोहली,तेज्श्वनि मिश्रा,अमित दास अपनी उम्दा गायकी के अंदाज से लोगों को मनमुग्ध करते रहे ।



# उद्योग मंत्री ने की विकास कार्यों की समीक्षा

निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ जल्द पूर्ण करने दिए निर्देश

**सुकमा।** आबकारी एवं उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में संचालित विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में मंत्री श्री लखमा ने कहा कि जिले में सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य जैसे मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए प्राथमिकता से कार्य करें। इसके साथ ही गांव में विद्युतीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण करें ताकि इसका लाभ यहां के लोगों को मिल सके। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाना है इसके लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को समन्वय से कार्य करने की बात कही।





उन्होंने जिले के विकास कार्यो की गहन समीक्षा करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के मंशानुरूप फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ दिलाने और जनहित में निर्माण कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने रीपा में संचालित गतिविधियों की जानकारी लेकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ एवं उपयोगी बनाने के लिए रीपा के कार्यों को गति देने कहा। साथ ही इसके बेहतर क्रियान्वयन के लिए युवावर्ग एवं महिलाओं को अधिक से अधिक जोड़ने के लिए कहा। साथ ही जनप्रतिनिधियों को समय-समय पर गौठानों और रीपा का निरीक्षण करने को कहा।

बैठक में उन्होंने जिले में निर्माणाधीन स्कूल, आश्रम, छात्रावास, आंगनबाड़ी केन्द्र, अस्पताल भवन निर्माण आदि कार्यों को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूलों में बच्चों की दर्ज संख्या के अनुपात में शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने जिले में कुपोषण दर 8 प्रतिशत तक कम होने पर महिला बाल विकास विभाग के कार्यों की सराहना की। साथ ही सभी आगनबाड़ियो में कार्यकर्ता सहित मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराने को कहा। इस दौरान उन्होंने जिले में खाद-बीज, वर्मी खाद भण्डारण एवं उठाव का संज्ञान लिया। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र में सरपंच, सचिव, जनपद सदस्य की बैठक लेकर पीएम सम्मान निधि योजना हेतु ई-केवाईसी के लिए कृषकों को जागरूक करने को कहा। साथ ही पशुपालन विभाग अन्तर्गत पशु वितरण योजना की जानकारी ली। इसके साथ ही पशु पालन विभाग के अधिकारियों को पशु रोग संक्रामक रोग गलघोटू व एकटंगिया के के रोकथाम के लिए समय समय पर टीकाकरण करने के निर्देश दिए।

# साहू समाज के युवाओं ने गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू के जन्मदिन पर वृद्धाआश्रम में किए फल वितरण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के लिए उम्मीद की ज्योति दिखाने वाले साहू समाज के गौरव माटी पुत्र छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री जननायक ताम्रध्वज साहू के जन्मदिन के अवसर पर नगर के पहाड़ मंदिर रोड स्थित आशा निकेतन वृद्धा आश्रम में साहू समाज के युवा पहुंचे।**



जहां मौजूद लोगों को फल व खानपान से संबंधित चीजों का वितरण कर उनके बीच केक काटा गया। वृद्धा आश्रम में रहने वाले सभी लोग अपनों को तलाशते हैं। प्रेम की यह भावना देख माता-पिता स्वरूप बुजुर्गों ने गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू को आशीर्वाद दिया। इसके साथ ही और आगे बढ़ने की दुआएं भी दी। इस मौके पर युवा प्रकोष्ठ से शैलेंद्र साहू और रघुनाथ साहू ने कहा कि आज वृद्ध आश्रम में वृद्धों को फल वितरण कर काफी अच्छा लगा। मन को शांति मिली। आगे भी साहू समाज द्वारा वृद्ध आश्रम में जाकर वृद्धों को उनकी जरूरत के अनुसार सामान का वितरण किया जाएगा।




### वृद्ध लोगों की संख्या है 60

नगर के पहाड़ मंदिर रोड स्थित आशा निकेतन वृद्धा आश्रम काफी साल पुराना है। इसमें रहने वाले वृद्ध लोगों की संख्या 60 है। वही कई स्टाफ भी है जो इन लोगों की देखभाल के लिए अपने सेवा दे रहे हैं। यहां रहने वाले लोगों को खासा ध्यान रखा जाता है। जिससे उनको भी अच्छा लगता है।

### निमाई साहू ने किया रक्तदान

*साहू समाज की कर्मठ कार्यकर्ता समाजसेवी निमाई साहू ने गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के जन्मदिन के अवसर पर संजीवनी अस्पताल जाकर ब्लड डोनेट किया। उन्होंने बताया कि बीते कई वर्षों से प्रत्येक साल ब्लड दान कर रहा हूं। उन्होंने बताया कि मेरे कहने पर मेरे अन्य मित्रों ने भी ब्लड डोनेट किया। कहा कि मेरा मानना है कि ब्लड के अभाव में किसी भी व्यक्ति की जान ना जाए ए इसके लिए हम सभी लोग मिलकर हमेशा प्रयास करते रहते हैं। मैं हमेशा से समाज सेवा को मानव जीवन का एक अंग मानता हूं।*

## एक नजर

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान 16 अगस्त तक अपनी फसलों का करा सकते बीमा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम खरीफ वर्ष 2023 में कृषकों को बीमा आवरण में शामिल होने की अंतिम तिथि 16 अगस्त 2023 है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसल हेतु सिंचित व असिंचित धान, मक्का, अरहर, मूंग, मूंगफली, कोदो, कुटकी, अरहर, तुअर फसल का बीमा कराया जा रहा है। इन फसलों का ओलावृष्टि, बेमौसम बारिश, भूस्खलन, जल भराव, बादल फटने, आकाशीय बिजली जैसे प्राकृतिक आपदाओं, कीट एवं रोगों के परिणाम स्वरूप अधिसूचित फसलों के नष्ट होने की स्थिति में किसानों को बीमा का लाभ दिया जाएगा। खरीफ फसल के लिए कृषक द्वारा देय प्रीमियम बीमित राशि का 2 प्रतिशत है। मक्का के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 32 हजार और किसान द्वारा देय प्रीमियम प्रति हेक्टेयर 640 रूपये है। इसी प्रकार धान असिंचित के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 41 हजार व किसान द्वारा देय प्रीमियम प्रति हेक्टेयर 820 रूपये, धान सिंचित के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 58 हजार व किसान द्वारा देय प्रीमियम प्रति हेक्टेयर 1160 रूपये, उड़द के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 20 हजार व देय प्रीमियम प्रति हेक्टेयर 400 रूपये, अरहर के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 35 हजार रुपए देय प्रीमियम प्रति हेक्टेयर 700 रूपये एवं मूंगफली के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 40 हजार व देय प्रीमियम प्रति हेक्टेयर 800 रूपये निर्धारित है। योजनांतर्गत ऋणी कृषक अनिवार्य रूप से एवं अऋणी कृषक ऐच्छिक रूप से लाभ ले सकते हैं। पंजीकरण के लिए अंतिम तिथि 16 अगस्त 2023 नियत है। पंजीयन हेतु कृषक बी.वन खसरा, वन पट्टा, ऋण पुस्तिका की छायाप्रति, आवेदन पत्र, बैंक पास बुक, आधार कार्ड की छायाप्रति, बोवाई प्रमाण पत्र, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी/पटवारी द्वारा प्रमाणित जैसे अनिवार्य दस्तावेजों के साथ अपने नजदीकी बैंक शाखा, प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति, लोक सेवा केंद्र, बीमा कंपनी या पोस्ट ऑफिस के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करवा सकते हैं। किसान अधिक जानकारी हेतु विकासखण्डों में संचालित कृषि कार्यालयों से संपर्क कर सकते हैं।

### सारंगढ़ में आज होगा मतदाता जागरूकता दौड़

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तहत जिला प्रशासन द्वारा 8 अगस्त को सुबह 8 बजे से सारंगढ़ के खेलभांठा से अशोका पब्लिक स्कूल तक मतदाता जागरूकता दौड़ का आयोजन किया गया है, जिसमें बच्चें, किशोर, युवा, महिला, पुरुष सभी वर्ग के नागरिक शामिल हो सकते हैं। दौड़ में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

### टैंकर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर** । मंदिरहसौद टोल प्लाजा के पास टैंकर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने टैंकर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक गणेश वर्मा 39 वर्ष ग्राम गोढ़ी का रहने वाला था। बताया जाता है कि मृतक अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी टैंकर क्रमांक सीजी 04 एनएस 5132 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने टैंकर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

**रायपुर** । केवटी लोधीपारा में पुरानी रंजिश के चलते तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शोभा लोधी 40 वर्ष केवटी लोधीपारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी रवि लोधी, चंदू लोधी व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी के लड़का से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब 9 गिरफ्तार

**रायपुर** । राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 9 लोगों को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने आंछी तालाब के पास भाठागांव में सरेआम शराब पीते आरोपी योगेंद्र साहू 27 वर्ष, पूनम साहू 25 वर्ष व खोमेश साहू 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोलबाजार पुलिस ने आरोपी शेखर कुमार सिंधी 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी अमीत सिंदे 30 वर्ष व लकेश कुमार साहू 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## जिला प्रशासन द्वारा बरमकेला में 10 और 11 अगस्त को होगा प्लेसमेंट कैम्प

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

जिले के बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे युवाओं और अन्य बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्राप्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी विकासखंड में एसआईएस इंडिया कम्पनी लिमिटेड अनूपपुर के माध्यम से नि:शुल्क प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किया जाएगा। जनपद पंचायत बरमकेला में 10 और 11 अगस्त 2023 को सुबह 10 बजे से 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किया गया है। इस भर्ती में शामिल होने वाले युवाओं की उम्र 21 वर्ष से 35 वर्ष होनी चाहिए। सुरक्षा जवान के 400 पद के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं पास है। उनको प्रतिमाह वेतन 12 हजार से 18 हजार रूपए तक मिलेगा। इसी प्रकार सुरक्षा सुपरवाइजर के 400 पद के लिए योग्यता 12वीं पास है। उनको प्रतिमाह वेतन 15 हजार से 20 हजार रूपए तक मिलेगा। सुरक्षा अधिकारी के 80 पद के लिए योग्यता स्नातक, बीए, बीएससी, बीकॉम उत्तीर्ण है। उनको प्रतिमाह वेतन 17 हजार 500 से 27 हजार 500 रूपए तक मिलेगा। भर्ती में चयन किए गए युवाओं से पांच सौ रुपए का रजिस्ट्रेशन शुल्क लिया जाएगा, जिसकी रसीद भी दी जाएगी। जिले के बिलाईगढ़ में यह कैंप 14 और 16 अगस्त को होगा। सारंगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प 17 से 19 अगस्त तक होगा। इच्छुक सभी युवा इस प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते हैं। चयनित युवाओं को पूरे छत्तीसगढ़ में सेवा के लिए अवसर दिया जाएगा। वेदांता कोरबा, एम्स रायपुर, जिंदल जैसे शासकीय और निजी उच्च कार्यालयों के साथ साथ विभिन्न जिलों के हॉस्पिटल, आरटीओ, फैक्ट्री, प्लांट, निजी स्कूल आदि में ड्यूटी लगाई जायेगी। इन सभी स्थानों में एसआईएस इंडिया कम्पनी की सेवा पूर्व से अब तक संचालित है। चयनित युवाओं को नौकरी में वेतन के साथ पीएफ आदि दी जाएगी।

# कलेक्टर ने फसल बीमा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### फसल बीमा कराने कि अंतिम तिथि 16 अगस्त

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जागरूकता रथ को कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के चारों विकासखंड में गांव-गांव जाकर किसानों को फसल बीमा योजना की जानकारी उपलब्ध करायेगा। जिले में इस वर्ष बजाज एलायंस कम्पनी को अधिकृत किया गया है। पहली बार जिले में धान सिंचित असिंचित, मक्का, उड़द और मूंगफली फसल को भी अधिसूचित किया गया है। फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 16 अगस्त तक है। नियमित तिथि तक कृषक अपने फसल का बीमा करा सकता है। सभी ऋणी अऋणी कृषक अपने क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सेवा सहकारी समिति, कम्पनी के प्रतिनिधि या पटवारी से सम्पर्क कर खरीफ फसल का बीमा करा सकते हैं। किसी भी प्राकृतिक आपदा से फसल को क्षति होता है तो फसल कटाई एवं थ्रेस होल्ड उपज के आधार पर बीमा कम्पनी द्वारा नुकसान का भरपाई किया जावेगा। उप संचालक कृषि सक्ती ने बताया कि प्राकृतिक आपदा जैसे अतिवृष्टि, अवृष्टि, बादल फटना, ओला, पाला या प्रकृति जनित फसल नुकसान होने पर बीमा कम्पनी द्वारा भरपाई किया जायेगा। जागरूकता रथ में बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे, कृषक आवश्यक दस्तावेज के साथ मौके पर ही फसल बीमा करा सकते हैं।




कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना द्वारा अधिक से अधिक कृषकों को बीमा का लाभ लेने के लिए अपील किया गया है। किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो कृषि विभाग के मैदानी अमले अथवा सेवा सहकारी समिति से सम्पर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर उप संचालक कृषि शशांक शिंदे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जितेन्द्र साहू, जिला बीमा प्रतिनिधि मंजेश यादव, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और अन्य ब्लॉक बीमा प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने जनदर्शन में समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने जनदर्शन के माध्यम से लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने जनदर्शन में गंभीर बीमारी के इलाज में सहायता हेतु आए हितग्राहियों के आवेदन पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को सूचित कर निराकरण करने के निर्देश दिए, साथ ही सुनने की समस्या को लेकर एक हितग्राही ने फरियाद की। जिस पर कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग को सूचित कर तत्काल निराकरण हेतु निर्देशित किया। जनदर्शन में आवास, अवैध निर्माण, राशन कार्ड, जलभराव समस्या, संपत्ति बंटवारा, विकलांग पेंशन, नकल संबंधी समस्या, मुआवजा की राशि दिलाने सहित विभिन्न समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उन्होंने आवेदनों पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।



# समय-सीमा तय कर सीएचसी पुसौर का काम जल्द पूरा करें - कलेक्टर सिन्हा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा आज पुसौर विकासखंड के दौरे पर रहे। कलेक्टर सिन्हा ने पुसौर के नवनिर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। यहां काम की धीमी गति को देखकर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने निर्माण एजेंसी हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन अभियंता से कहा कि और लेटलतीफी नहीं चलेगी, काम पूरा करने की समय-सीमा निर्धारित कर उसके भीतर काम पूर्ण कर के दीजिए। अस्पताल भवन का काम जल्द से जल्द पूरा होना चाहिए। ईई हाउसिंग बोर्ड ने सितंबर माह तक कार्य पूरा करने की बात कही। कलेक्टर सिन्हा ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना और स्वामी आत्मानंद स्कूलों के निर्माण और मरम्मत कार्य का जायजा लिया। कलेक्टर सिन्हा सबसे पहले औरदा में बन रहे स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल के निरीक्षण में पहुंचे।



यहां उन्होंने स्कूल भवन के सभी हिस्सों का भ्रमण कर चल रहे कार्यों को देखा। कलेक्टर सिन्हा निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि करीब एक माह पहले निरीक्षण के दौरान काम जल्द पूरा करने के लिए कहा गया था। किंतु अभी तक कार्य पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने स्पीड बढ़ाते हुए जल्द काम पूरा करने के लिए कहा। कलेक्टर सिन्हा ने डीपापारा के स्कूल मरम्मत कार्य का भी अवलोकन किया। यहां छत और दीवारों के मरम्मत पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए, जिससे सीपेज न हो। कलेक्टर सिन्हा ने पड़ीगांव आत्मानंद स्कूल का भी निरीक्षण किया। यहां भवन का काम पूरा हो चुका है। कलेक्टर सिन्हा ने भवन में कक्षाएं शुरू करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान ईई पीडब्ल्यूडी आर.के. खांबरा, ईई हाउसिंग बोर्ड शशिकांत शर्मा, सीईओ जनपद पुसौर महेश पटेल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



### बाढ़ राहत केंद्र का लिया जायजा प्रभारी से कहा-सभी जरूरी इंतजाम करें

*कलेक्टर सिन्हा ने पड़ीगांव के बाढ़ राहत केंद्र का भी जायजा लिया। यहां के इंचार्ज से उन्होंने केंद्र में सभी जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कमरों की साफसफाई, सुखा राशन की व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छ शौचालय और जरूरी दवाओं की व्यवस्था के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति में तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित करें।*

# राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षकों की बैठक रायपुर में संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

राज्यपाल एवं राष्ट्रपति से पुरस्कृत शिक्षकों की दो सूत्रीय मांग को लेकर बैठक सम्पन्न। बैठक की शुरुआत अनिता धनेध्वर के द्वारा माँ वीणा वादिनी की वंदना व सामूहिक राज्यगीत के साथ प्रारम्भ किया गया। सभी अवार्डी अपना परिचय देते गए जिससे पूरे राज्यभर से आये अवार्डी शिक्षकों ने एक दूसरे से परिचित हुए। कार्यक्रम की संचालन राज्य एवं राष्ट्रीय अवार्डी फोरम के प्रदेश सचिव विष्णु शर्मा ने किया। उन्होंने फोरम के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि हमारा फोरम राष्ट्र हित, समाज हित, छात्र हित के साथ शिक्षकों के हित के लिये कार्य करने को बनी है, हम अपने कार्यों से अपने विभाग की विशिष्टता को कैसे सामने लाये ये विचारणीय तथ्य है। शर्मा ने आगे बताया कि राज्यपाल व राष्ट्रपति से पुरस्कृत शिक्षकों की



बहुप्रतीक्षित दो सूत्रीय मांग है जिसमें 1 पुरस्कृत शिक्षकों को आउट ऑफ टर्न पदोन्नति प्रदान किया जावे। 2 सेवानिवृत्ति में पुरस्कृत शिक्षकों को तीन वर्ष की बढ़ोतरी किया जावे। इन दोनों मांगो पर राज्य शासन को आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा। इसी बीच माननीय शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे के निवास में दो सूत्रीय मांग के बारे में बताया गया व संघ की लेटर पेड में ज्ञापन भी सौंपा गया जिस पर मंत्री ने मंत्रालय में आकर चर्चा करने की बात कही। फोरम के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन जायसवाल ने फोरम के बायलॉज व फर्म एंड सोसायटी की महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि पदाधिकारियों की कार्यकाल 3 वर्ष की होती है, साथ ही फर्म सोसायटी में प्रति वर्ष सदस्यों की जानकारी व आय व्यय की सम्पूर्ण जानकारी दी जाती है। प्रदेश अध्यक्ष अशोकगिरी गोस्वामी ने फोरम की एकजुटता बनाये रखते हुए अपनी दो सूत्रीय मांग पर फोकस किया जाएगा, जिसके लिए मंत्रियों सहित अधिकारियों से मिलकर अपनी मांगों को उन तक पहुंचाया जाएगा। सदस्यता के बारे में बताया कि साधरण सदस्य, आजीवन सदस्य व सरंक्षक सदस्य होते हैं जिसकी शुल्क निर्धारित है। बैठक में प्रमुख रूप से अपने-अपने क्षेत्र के विधायक, सांसद सदस्यों से माननीय मुख्यमंत्री के नाम राज्यपाल व राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षकों की दो सूत्रीय मांग को पूरा करने के लिए पत्र लिखने का अनुरोध किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से महामंत्री मुन्ना लाल देवदास, कोषाध्यक्ष हितेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिन्हा, छबिराम पटेल, टीकाराम सारथी, बोधिराम, चुन्नी लाल शर्मा, अनिता धनेध्वर, निगार अंजुम खान, सईद कुरेशी, बसंत यादव, शीला सोनी, सर्वेश सोनी, राकेश टंडन, रामकुमार वर्मा, पुष्पा मेडम, सुनीता गोस्वामी, धनेश सिन्हा, चूड़ामणि, प्रतिभा यादव, डॉ. नीलांजना जैन, नेम सिंह साहू, कामता प्रसाद सिंह, भागचंद चतुर्वेदी, मेहतर लाल देवांगन, जानती लाल कुर्रे, घनश्याम सिंह साहू, हेमराज साहू, गोवर्धन सिंह, गौतम कुमार शर्मा, सीमांचल त्रिपाठी, तुलेंद्र सागर, कुंज किशोर, मोहनलाल कौशिक, भेज राम वर्मा, भागवत प्रसाद चंद्राकर, उर्मिला श्रवण, कमल किशोर ताम्रकार, प्रदीप कुमार साहू एवं अन्य अवार्डी उपस्थित थे।

## राम पोथिनेनी, श्रीलीला ने मैं पीछे-पीछे में डांस फ्लोर पर आग लगा दी



संगीतकार एस. थमन अपने तत्व में हैं क्योंकि उन्होंने फुल-ऑन मास बीट्स और क्रेज़ी लिरिक्स के साथ एक बहुत ही जोशीला और शानदार धुन तैयार की है जो काफी लयबद्ध है। संगीत निर्देशक ने गाने के मूड और गति को उत्साहित बनाए रखा है। श्रीराम चंद्रा और मालविका के स्वरों को रितेश जी. राव के युवा गीतों के साथ जोड़ा गया। राम की ऊर्जा और श्रीलीला का ग्लैमर गाने को अगले स्तर पर ले गया। अभिनेत्री वास्तव में राम की ऊर्जा से मेल खाती है। दोनों ने अपने खूबसूरत और धमाकेदार डांस से डांस फ्लोर पर आग लगा दी है. वेशभूषा और रंग-बिरंगे सेट ने भी गाने में और भी वज़न बढ़ा दिया।



## एथनिक आउटफिट में अनुष्का सेन ने दिखाईं कातिलाना हुस्न की बेबाक अदाएं

### प्यारी सी स्माइल से लूटी लाइमलाइट

**टीवी एक्ट्रेस अनुष्का सेन अपने ड्रेसिंग सेंस के कारण सोशल मीडिया पर फैंस के बीच चर्चाएं बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस अपना हर एक लुक इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। हाल ही में उनकी लेटेस्ट एथनिक लुक में फोटोज इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं।**

अनुष्का सेन टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस में से एक हैं। वो आए दिन अपनी सिम्पलिसिटी से लोगों का ध्यान खींच लेती है। हालिया फोटोशूट के दौरान एक्ट्रेस ने एथनिक लुक से फैंस के बीच कहर ढा दिया है। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं अनुष्का सेन ने ब्लैक कलर की साड़ी पहनी हुई है। एक्ट्रेस अपने इस ट्रेडिशनल आउटफिट में बेहद ही शानदार लग रही हैं। साथ ही फैंस उनकी लुक की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक बार फिर से अनुष्का सेन ने अपने ग्लैमरस लुक्स से फैंस के दिलों की धड़कनें तेज कर दी हैं। बता दें कि अनुष्का सेन जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन तस्वीरों में अब तक 4 लाख से भी ज्यादा यूजर्स लाइक कर चुके हैं। एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- माई ड्रिम गर्ल, तो वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है- गॉर्जियस अनुष्का। ऐसी ही और भी कॉमेंट्स की बौछार लगी हैं।

## उर्फी जावेद को एकता कपूर कराएंगी बॉलीवुड के दर्शन, बनने जा रहीं लव सेक्स और धोखा 2 की हीरोइन

**उर्फी जावेद अक्सर अपने अतरंगी कपड़ों और अजीबो-गरीब फैशन के चलते लोगों के बीच चर्चा का विषय बनती हैं। हालांकि, अब वह एक नई वजह से सुर्खियों में आई हैं।**

खबर है कि टीवी क्वीन और जानी-मानी निर्माता एकता कपूर उन्हें बॉलीवुड में लॉन्च करने की तैयारी में हैं और वो भी अपनी फिल्म लव सेक्स और धोखा (लव सेक्स और धोखा) के सीक्वल लव सेक्स और धोखा 2 से। उर्फी भी इसे लेकर उत्साहित हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, लव सेक्स और धोखा 2 के निर्माताओं ने फिल्म की लीड हीरोइन के लिए उर्फी से संपर्क किया है और अभिनेत्री ने भी इसमें दिलचस्पी दिखाई है। एकता को लगता है कि उर्फी इस फिल्म के लिए फिट हैं। कोई शक नहीं कि यह फिल्म उर्फी के करियर के लिए एक बड़ी छलांग साबित हो सकती है। बिग बॉस ओटीटी , स्प्लिट्सविला और फिर सोशल मीडिया से नाम कमाने के बाद उर्फी अब फिल्मों में कदम रखने को तैयार है।

2010 में आई लव सेक्स और धोखा में एमएमएस कांड, ऑनर किलिंग और स्टिंग ऑपरेशन सहित कुछ दिलचस्प विषयों को छुआ गया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। 2 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने लगभग 10 करोड़ रुपये कमाए थे। इसमें अंशुमन झा, नुसरत भरूचा और राजकुमार राव जैसे कलाकार नजर आए थे। इन तीनों ने ही इस फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखा था। एकता अब 13 साल बाद इसका सीक्वल लेकर आ रही हैं।

एकता ने 2021 में अपनी इस फिल्म के सीक्वल का ऐलान किया था। उस वक्त इसने अपनी रिलीज के 11 साल पूरे किए थे।



## कंगना रनौत की चंद्रमुखी 2 से राघव लॉरेंस का फर्स्ट लुक आया सामने




बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत जल्द ही दक्षिण भारतीय सिनेमा में डेब्यू करने जा रही हैं। पिछले कुछ वक्त से वह अपनी फिल्म चंद्रमुखी 2 को लेकर चर्चा में हैं। इसमें वह तमिल अभिनेता राघव लॉरेंस के साथ नजर आएंगी।यह फिल्म पी वासु निर्देशित साल 2005 में आई तमिल कॉमेडी हॉरर चंद्रमुखी की अगली किस्त है। अब निर्माताओं ने चंद्रमुखी 2 से राघव का फर्स्ट लुक जारी कर दिया है, जिसमें वह काफी दमदार अवतार में नजर आ रहे हैं। चंद्रमुखी 2 15 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म को हिंदी, तेलुगू, मलायलम और कन्नड़ में रिलीज किया जाएगा।राघव ने ट्वीटर पर चंद्रमुखी 2 का पहला पोस्टर जारी किया है।इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, थलाइवर सुपरस्टार को धन्यवाद। यहां आपके लिए प्रस्तुत है वेट्टैयन की पहली झलक। मुझे आप सभी के आशीर्वाद की आवश्यकता है।चंद्रमुखी 2 का निर्माण लाइका फिल्म्स के बैनर तले किया जाएगा। इसमें कंगना विश्व प्रसिद्ध डांसर की भूमिका अदा करेंगी। बता दें कि चंद्रमुखी 2 साल 2005 में आई सुपस्टार रजनीकांत स्टारर फिल्म चंद्रमुखी का सीक्वल का है। इसके अवाला फिल्म की शूटिंग पूरी होने पर कंगना ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक भावुक पोस्ट किया था, जिसमें उन्होने लिखा था, जैसा कि मैं आज चंद्रमुखी में अपना रोल पूरा करने जा रही हूं।

## रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की कमाई 80 करोड़ के पार




बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का शानदार प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। 28 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली इस फिल्म की टक्कर किसी और बॉलीवुड फिल्म से नहीं हुई थी, जिसका इसे भरपूर फायदा मिला।इस हफ्ते भी सिनेमाघरों में कोई नई फिल्म रिलीज नहीं हुई है, वहीं रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की कमाई बढ़ती जा रही है। आइए जानते हैं बाकी फिल्मों ने कितनी कमाई की है।

रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के साथ करण जौहर ने 7 साल बाद निर्देशन की कुर्सी संभाली है।फिल्म ने पहले दिन जहां 11.1 करोड़ रुपये के कलेक्शन के साथ शुरुआत की तो अब इसकी कमाई 80 करोड़ के पार पहुंच गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने अपनी रिलीज के 8वें दिन 6.90 करोड़ रुपये कमाए हैं।अब वीकेंड पर इसकी कमाई में बढ़त की उम्मीद है।

क्रिस्टोफर नोलन की ओपेनहाइमर रिलीज के बाद से ही बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है।

## फिल्म अकेली का ट्रेलर रिलीज, अपराध की दुनिया में अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ती दिखीं नुसरत




अभिनेत्री नुसरत भरूचा लंबे समय से फिल्मी दुनिया में सक्रिय हैं। फिल्म सोनू के टीटू की स्वीटी भले ही उनके करियर के लिए मील का पत्थर साबित हुई हो, लेकिन जनहित में जारी और छोरी जैसी फिल्मों से नुसरत ने यह साबित कर दिया कि वह अपने दम पर फिल्म ढोने का माद्दा रखती हैं।पिछले कुछ समय से वह फिल्म अकेली को लेकर चर्चा में हैं और अब उनकी इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि नुसरत ट्रक में एक अनजान जगह पर आ गई हैं। बंदूक, अपराध और खूंखार की इस खौफनाक दुनिया में वह अकेली हैं और काफी घबराई हुई हैं। जंग के मैदान में खुद को बचाने के लिए वह मजबूरन बंदूक भी उठाती हैं।नुसरत अकेली अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ती दिख रही हैं। ट्रेलर में रोमांच भी है, वहीं नुसरत के अनदेखे अवतार ने इस फिल्म की रिलीज को लेकर उत्सुकता और बढ़ा दी है।

'छोरी' में दमदार किरदार के बाद, नुसरत भरुचा एक बार फिर दमदार रोल में लौट आई हैं. भले ही एक्ट्रेस की पिछली फिल्म जनहित में जारी फ्लॉप साबित हुई हो. लेकिन नुसरत ने लीक से हटकर रोल करना बंद नहीं किया है. अकेली की बात करें तो ये डायरेक्टर प्रणय मेश्राम के निर्देशन में बनी फिल्म है. ये एक थ्रिलर-ड्रामा है, जिसमें नुसरत लीड रोल प्ले करती दिखेंगी. नुसरत के अलावा फिल्म में निनाद वैद्य, अपर्णा पडगांवकर, नितिन वैद्य और शशांक शाह अहम रोल में हैं. फिल्म का ट्रेलर देखकर ही अंदाजा हो जाता है कि इसमें जबरदस्त सस्पेंस और ड्रामा देखने को मिलेगा।

# खेल



**ऑस्ट्रेलिया।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 2 महीने बाद शुरू होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के लिए 18 संभावित खिलाड़ियों को चुन लिया है। संभावितों में सबसे चौंकाने वाला नाम अनकैप्ड लेग स्पिनर तनवीर संघा और अनुभवहीन ऑलराउंडर एरोन हार्डी का है। वहीं टेस्ट टीम के स्टार मार्नस लाबुशेन को टीम में जगह नहीं मिली है। टीम की कप्तानी पैंट कमिंस के पास ही रहेगी। हालांकि, कमिंस अभी चोटिल हैं, उम्मीद है कि वह वर्ल्ड कप तक पूरी तरह से फिट हो जाएंगे। यही टीम वर्ल्ड कप से पहले साउथ अफ्रीका और भारत के दौरे पर भी रहेगी।

## वनडे वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

### लाबुशेन का नाम नहीं, अनकैप्ड खिलाड़ी तनवीर संघा और एरोन हार्डी को जगह

वर्ल्ड कप 5 अक्टूबर से भारत में होना है। सभी टीम के स्क्वॉड में 15 प्लेयर्स रह सकेंगे, इनके टीमें 3 स्टैंड-बाय खिलाड़ियों के नाम भी दे सकती हैं। वर्ल्ड कप में भाग लेने वाले सभी देशों को 28 सितंबर तक फाइनल लिस्ट इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल को देना है।

### तनवीर संघा के पिता पंजाब के रहने वाले

18 सदस्यीय ऑस्ट्रेलियाई टीम में भारतीय मूल के अनकैप्ड लेग स्पिनर तनवीर संघा को जगह दी गई है। 21 साल के संघा का जन्म ऑस्ट्रेलिया में हुआ था। तनवीर के पिता जोगा संघा जालंधर के पास एक गांव रहीमपुर के रहने वाले हैं। वह 1997 में पढ़ाई के लिए ऑस्ट्रेलिया चले गए, फिर सिडनी के पास सैटल हो गए। तनवीर के पिता सिडनी में टैक्सी ड्राइवर के रूप में काम करते हैं, जबकि उनकी मां उपनीत सिडनी में अकाउंटेंट के रूप में काम करती हैं।




### संघा का चुना जाना आश्चर्यचकित करने वाला

तनवीर संघा को वर्ल्ड कप के संभावितों में शामिल किया जाना हैरान करने वाला है, क्योंकि 21 साल के संघा पिछले सितंबर से क्रिकेट से दूर हैं। उन्हें कॉफ्स हार्बर में घरेलू मैच के दौरान में पीठ में फ्रैक्चर हो गया था, जिसके बाद उन्होंने कोई घरेलू मैच नहीं खेला।

एरोन हार्डी ने लिस्ट ए मैचों में 24 की औसत से 194 रन बनाए हैं और 15 विकेट लिए हैं। हार्डी बॉलिंग ऑलराउंडर हैं। वे मीडियम फास्ट बॉलर हैं। उन्हें टीम में बॉलिंग ऑलराउंडर मिचेल मार्श, कैमरून ग्रीन, मार्कस स्टोइनिस और सीन एबॉट के साथ संभावितों में शामिल किया गया है।

### पैट कमिंस एशेज सीरीज के दौरान हो गए थे चोटिल

*इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज के दौरान तेज गेंदबाज पैट कमिंस की कलाई फ्रैक्चर हो गई थी। उन्हें डॉक्टरों ने 6 हफ्ते के आराम की सलाह दी। उम्मीद है कि वह वर्ल्ड कप से पहले फिट हो जाएंगे। लाबुशेन इस साल मार्च में भारतीय दौरे पर वनडे सीरीज के लिए टीम में शामिल थे। लाबुशेन का वनडे में प्रदर्शन ज्यादा अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने 30 वनडे मैचों में 31.37 की औसत से 847 रन बनाए हैं। इनमें एक शतक और छह अर्धशतक शामिल हैं।*

### एक नजर

## लगातार दूसरा टी20 गंवाकर निराश दिखे हार्दिक पांड्या

**जॉर्जटाउन ।** वेस्टइंडीज के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज में लगातार दूसरी हार के बाद भारतीय कप्तान हार्दिक पांड्या अपनी टीम के बल्लेबाजों से काफी निराश दिखाई दिए।



वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार दूसरे टी20 मैच में भी भारतीय टीम की बैटिंग फ्लॉप रही। भारतीय गेंदबाजों ने काफी हद तक मैच पर काबू पा लिया था लेकिन वो टीम को जीत नहीं दिला पाए और वेस्टइंडीज ने 2 विकेट से शानदार जीत दर्ज की।

टीम की फ्लॉप बल्लेबाजी के बाद भारतीय गेंदबाजों ने शुरुआत से ही टीम को मैच में बनाए रखा। खासतौर पर 16वें और 17वें ओवर में दो रन देकर भारत ने चार विकेट लेकर मेजबान टीम को बैकफुटपर धकेल दिया, लेकिन एक छोटा टोटल डिफेंड कर रही भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा। भारतीय कप्तान ने मैच के बाद कहा, च्अगर मैं सच कहूं तो हमारी बल्लेबाजी में कमी रही, हम अच्छी बैटिंग कर सकते थे। 160-170 अच्छा टोटल होता। बात अगर स्कोर की करें तो पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया तिलक वर्मा के अर्धशतक की मदद से 152 रन बना पाई। जवाब में मेजबान टीम ने 18.5 ओवर में 8 विकेट खोकर ये लक्ष्य हासिल कर लिया।

### पाकिस्तान बनाम अफगानिस्तान

## वनडे सीरीज के लिए नूर अहमद की टीम में वापसी

**काबुल ।** विश्व भर की टी20 लीग में शानदार प्रदर्शन करने वाले अफगानिस्तान टीम के युवा स्पिन गेंदबाज नूर अहमद की टीम में वापसी हुई है।




अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान के खिलाफ श्रीलंका में खेली जाने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम का नेतृत्व हशमतुल्लाह शाहिदी करेंगे।

दोनों टीमों के लिए एशिया कप और वर्ल्ड कप को ध्यान में रखकर यह सीरीज अहम है, क्योंकि उनके पास मौका है अपनी रणनीति और तैयारी को और मजबूत करने का।

विश्व भर की टी20 लीग में शानदार प्रदर्शन करने वाले अफगानिस्तान टीम के युवा स्पिन गेंदबाज नूर अहमद को एक बार फिर टीम में शामिल किया गया है।

नूर की वापसी का मतलब है कि बाएं हाथ के स्पिनर जिया उर रहमान अकबर को बाहर बैठना पड़ेगा, जिन्होंने हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू किया था।

## एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023- भारत ने मलेशिया को 5-0 से हराया, पांच खिलाड़ियों ने दागे पांच गोल

**चेन्नई।** कार्थी सेल्वम (15%) हार्दिक सिंह (32%) और हरमनप्रीत सिंह (42%), गुरजंत सिंह (53%) और जुगराज सिंह (54%) ने भारत की ओर से एक-एक गोल किया। -



कार्थी सेल्वम (15%) हार्दिक सिंह (32%) और हरमनप्रीत सिंह (42%), गुरजंत सिंह (53%) और जुगराज सिंह (54%) ने भारत की ओर से एक-एक गोल किया।

भारतीय मेंस हॉकी टीम ने रविवार को चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 के अपने तीसरे मैच में मलेशिया को 5-0 से हरा दिया। इस जीत से भारत ने तीन मैचों में सात पॉइंट्स के साथ एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की टेबल स्टैंडिंग में टॉप पर आ गया है।

गुरुवार को टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में चीन को 7-2 से हराने के बाद भारत ने शुक्रवार को जापान के साथ 1-1 से ड्रा खेला था।

मैच में भारत के पांच खिलाडियों ने पांच गोल दागे। कार्थी सेल्वम (15%) ने फील्ड गोल के साथ भारत के लिए स्कोरिंग की शुरुआत की, इससे पहले हार्दिक सिंह (32%) और हरमनप्रीत सिंह (42%), गुरजंत सिंह (53%) और जुगराज सिंह (54%) ने भारत की ओर से एक-एक गोल किया।

### हर क्वार्टर में दागा गोल

भारत ने पहले ही क्वार्टर में बढ़त हासिल कर ली थी। पहले क्वार्टर में मलेशिया ने अटैकिंग गेम खेला लेकिन भारत ने अपना डिफेंस मजबूत रखा और गोल नहीं होने दिया।

## भारत में वर्ल्ड कप खेलने आएगी पाकिस्तान टीम

### सरकार ने जांच के बाद परमिशन दी; कहा- स्पोर्ट्स को राजनीति से अलग रखना चाहिए

पाकिस्तान सरकार ने अपनी टीम को वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत जाने की परमिशन दे दी है। पाकिस्तान विदेश मंत्रालय की ओर से कहा गया, स्पोर्ट्स को पॉलिटिक्स से हमेशा दूर रखना चाहिए। पाकिस्तान इसीलिए अपनी टीम को 2023 के ICC वर्ल्ड कप के लिए भारत भेजने के लिए तैयार है।



भारत में वनडे वर्ल्ड कप 2 महीने बाद 5 अक्टूबर से खेला जाएगा। पाकिस्तान का पहला मैच 6 अक्टूबर को नीदरलैंड्स से होगा। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों देशों के राजनीतिक विवादों को इंटरनेशनल क्रिकेट के बीच नहीं लाना चाहिए। भारतीय टीम भले ही एशिया कप खेलने के लिए पाकिस्तान नहीं आ सकती, लेकिन पाकिस्तान अपनी टीम के साथ ऐसा नहीं करेगा।

पाकिस्तान को अब भी अपनी क्रिकेट टीम की सुरक्षा की चिंता है। हमने ICC और BCCI को इस बारे में बताया है। हमें उम्मीद है कि भारत में पाकिस्तान क्रिकेट टीम की सिक्योरिटी और सेफ्टी का ध्यान रखा जाएगा। पाकिस्तान और भारत के बीच आखिरी इंटरनेशनल मैच टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान ऑस्ट्रेलिया में हुआ था। तब भारत को 4 विकेट से जीत मिली थी, तस्वीर उसी मैच की है। पाकिस्तान और भारत के बीच आखिरी इंटरनेशनल मैच टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान ऑस्ट्रेलिया में हुआ था। तब भारत को 4 विकेट से जीत मिली थी, तस्वीर उसी मैच की है। पाकिस्तान सरकार ने ICC से लिखित आश्वासन मांगा है पाकिस्तान सरकार और क्रिकेट बोर्ड ने पिछले दिनों इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल से लिखित में सिक्योरिटी का आश्वासन मांगा था। PCB ने ICC से कहा था, हम टीम को भारत भेज देंगे, लेकिन सुरक्षा को देखते हुए हमें ICC से लिखित में आश्वासन चाहिए।

# बी.सी. सखी के रूप में कार्य करके पवनरेखा को मिली अलग पहचान

### बीसी सखी के रूप में पवनरेखा ग्रामीण क्षेत्रों में बैकिंग सुविधा करा रही उपलब्ध

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

बदलते परिवेश एवं भाग दौड़ के इस समय में बैंक में वित्तीय लेनदेन का दबाव बढ़ा है साथ ही आमजनों को बैंक से वित्तीय लेनदेन में परेशानी का सामना भी करना पड़ता है। ऐसे में बीसी सखी बैंकिग कोरेस्पोंडेंट एवं डिजि-पे दीदी ग्रामीण क्षेत्रो में बैकिंग सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। बीसी सखी द्वारा दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों, वनांचलों ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा भावना से लोगों के घर-घर जाकर दिव्यांग, वृद्ध एवं असहाय लोगों को पेंशन भुगतान के साथ ही ग्रामीणों को मनरेगा मजदूरी भुगतान, किसान सम्मान निधि योजना, समस्त पेंशन योजना, बीमा योजना आदि की राशि समय पर प्रदान की जा रही है। ग्रामवासियों को पैसों के लेनदेन में अनावश्यक परेशानी न हो इस बात को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत गठित स्वसहायता समूह की महिलाओं को बैंक सखी के रूप में नियुक्त कर उन्हें इस कार्य के लिए प्रशिक्षित किया गया है। बैंक सखी बायोमीट्रिक डिवाइस, एंड्राइड फोन के साथ गांव-गांव जाकर मोबाईल बैंकिंग यूनिट के रूप में अपनी सेवाएं दे रही है। बैंक सखी की नियुक्ति से लोगों को छोटी-छोटी राशियों के लेन-देन के लिए बार-बार बैंक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। इससे आम लोगों के बैंक आने-जाने में लगने वाले समय एवं धन की बचत होने के साथ ही बैंकों पर पड़ने वाले दबाव में भी कमी आई है। साथ ही बैंक सखी की नियुक्ति से ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा की राशि भुगतान, वृद्धा पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं बैंक खातों के माध्यम से होने वाले



अन्य मजदूरी भुगतान में तेजी तथा नियमितता आई है। विकासखंड कोरबा के ग्राम पंचायत नकटीखार की पवनरेखा राठिया राष्ट्रीय आजीविका मिशन बिहान योजना अन्तर्गत बी.सी. सखी के रूप में काम कर रही है। बी.सी. सखी के रूप में कार्य करके पवनरेखा को अलग पहचान मिली है और उसे लोग बैंक वाली दीदी कहकर बुलाते हैं। उन्होंने बताया कि वह मुस्कान स्वसहायता समूह की सदस्य है एवं पिछले 3 साल से बैंक सखी का कार्य कर रही है। पहले उनकी दिनचर्या कृषि कार्य और अपने रोजी-मजदूरी तक ही सीमित थी। अब वह बैंक सखी के रूप में नकटीखार करूमौहा, आंछीमार, बुन्देली, भुल्सीडीह, सिमकेंदा, सोल्वा, पसरखेत, मुढुनारा, लबेद, बताती, गेराव, कल्गामार, देवपहरी, लेमरू सहित अन्य पंचायतों में अपनी सेवाएं देतीं हैं। ऑनलाइन रूपए ट्रांसेक्शन के साथ ही सभी समूह की महिलाओं को ऑनलाइन पैसे ट्रांसेक्शन एवं कैशलेस की भी जानकारी देती है। उन्होंने बताया कि इस कार्य को करने के लिए जिला पंचायत के द्वारा आरसेटी में एक माह का प्रशिक्षण भी दिया गया है। पवनरेखा ने बीसी सखी के रूप में अब तक 82 लाख 62 हजार 520 रूपए का वित्तीय लेनदेन किया है, जिससे उन्हें लगभग 01 लाख रूपए तक की आमदनी प्राप्त हुई है। वर्तमान में वह आर्थिक रूप से सशक्त होकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में विशेष रूप से योगदान दे रही हैं। साथ ही अपने बच्चों की पढ़ाई अच्छे स्कूल में करा पा रही है। आर्थिक बढ़ोत्तरी के अलावा सामाजिक क्षेत्रों में भी सशक्त होकर दूसरों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन रही है और परिवार में उनका सम्मान बढ़ गया है। पवनरेखा ने छत्तीसगढ़ शासन और जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान जैसे योजना से आज मैं अपनी अलग पहचान बनाकर अपने पैरों पर खड़ी हूं।

## गुरु बालकदास जयंती की बैठक में शामिल होकर समाज के सामने अपने बातों को रखे भाजपा नेता डॉक्टर जगजीवन खरे

जोहार छत्तीसगढ़ - बेमेतरा।



नवागढ़ में सतनामी समाज द्वारा दिन रविवार भी गुरु बालकदास जयंती मनाने का बैठक रखा गया था जिनमे समाज के लोग बड़ी दूर दूर से आकार बैठक में शामिल होकर अपने अपने विचार रखी जिस सामाजिक बैठक में शामिल होकर भाजपा नेता डॉक्टर जगजीवन खरे ने बैठक में कहा की बाबा बालकदास की जयंती नवागढ़ में बड़ी धूम धाम से मनाया जायेगा और समाज का कोई भी आयोजन हों चाहे मिनिमाता का पुष्यतिथि हों, गुरु बालकदास जयंती हों ,या गुरु घासीदास जयंती, सभी को एक जुट होकर आयोजन में साथ देना चाहिए । कहकर इस सामाजिक बैठक में आये हुए समाज को प्रणाम करते हुए अपने बात को रखी ।

## सावन महोत्सव महिलाओं के लिए शिव आराधना - कंचन पांडेय

### सावन महोत्सव की रही धूम

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सावन महोत्सव महिलाओं के लिए शिव के आराधना है। पंखुड़ी ग्रुप से जुड़ी कंचन पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार अपरान्ह दोपहर 1 बजे से सी जी एम बंगला समीप स्थित वेयर हाउस सामुदायिक भवन में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया था। जिसमे कंचन पांडेय, उर्मिला सोनी, अन्नू सिंहा, जानकी गबेल, सीता बरेठ, संतोषी दास, सुचित्रा पंडा, पुष्पा शर्मा, जानवी गुप्ता, ममता सोनी, आकांक्षा ठेठवार, मधु सोनी, पूर्णिमा ठेठवार, पूजा अग्रवाल, शांति यादव, मोनिका नामदेव, अंकिता खान, प्रीति सिंह ठाकुर, रितिका विश्वकर्मा, पूजा पटवा, शारदा यादव, मोनिका सोनी, सीता यादव, भवानी यादव, ललिता दास, नंदनी डनसेना, सीता यादव, इंदु साहु, प्रज्ञा ठेठवार, वन्दना सिंह ठाकुर, विधि मिश्रा, अनुश्री थवाईत सहित बच्चों की मौजूदगी




में सावन महोत्सव आयोजन सफल रहा। बच्चें कृष्ण राधा बने और शमा बांध दिया। भक्ति एवं भजन के जरिए महिलाओं ने भी जीवंत प्रस्तुति दी। सभी महिलाएं एक समान हरे रंग की साड़ी पहनकर विशेष श्रृंगार के साथ आयोजन में शामिल हुई । बच्चों की शानदार प्रस्तुति रही। बतौर विशेष अतिथि महापौर जानकी काटजू भी आयोजन में शामिल हुई और पंखुड़ी द्वारा आयोजित इस सावन महोत्सव की सराहना की। कांग्रेस से बरखा सिंह, पिंकी सिंह, गुंजा सिंह पार्षद अनुपमा शाखा यादव ने इस गरिमामय आयोजन को सराहा। महिला मोर्चा भाजपा से महिला नेत्री शोभा शर्मा, महरून निशा, लक्ष्मी वैष्णव पार्षद ईश कृपा तिर्की भी इस आयोजन के शामिल हुई और उन्होंने पंखुड़ी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की।

आयोजन के अतिथि महापौर कर कमलों से आयोजन मे शामिल बच्चों को ताज पहनाकर प्रोत्साहित किया गया। वही राजा साहब व रानी साहिबा जयमाला सिंह के कर कमलों से आयोजन मे शामिल बच्चों को नगद राशि देकर पुरुस्कृत किया गया। सावन महीने में माता पार्वती से शिव को पति के रूप मे पाने के लिए विशेष आराधना की थी इसलिए यह महीना भगवान शिव को पसंद था ऐसी मान्यता है कि इस महीने मे ही भगवान शिव अपने ससुराल गए इस दौरान माता पार्वती ने विशेष श्रृंगार किया था ऐसी लोक मान्यताओं के परिपेक्ष्य में आज महिलाएं भी विशेष परिधान एवं श्रृंगार के जरिए शिव की आराधना करती है। पंखुड़ी ग्रुप महिलाओं का ऐसा समूह है जिसमें महिलाएं एक दूसरे के सुख दुख को बांटती है एवं सभी धार्मिक सामाजिक आयोजन आपस में मिल कर करती है। राजनीति से परे इस ग्रुप ने बहुत से ऐसे कार्य किए है जिसका लाभ महिलाओं को मिल रहा है। कंचन पांडे के विशेष प्रयासों की यह परिणीति है कि पंखुड़ी ग्रुप महिलाओ के लिए अदद आवश्यकता बन गया है। कार्यक्रम के दौरान एंकर की सराहनीय भूमिका प्रज्ञा ठेठवार ने निभाई। आयोजन के दौरान पंखुड़ी ग्रुप द्वारा स्वलापाहार की व्यवस्था भी की गई थी।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत ई-केवाईसी, आधार सीडिंग एवं लैंड सीडिंग करवाना अनिवार्य

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत जिले के पंजीकृत समस्त किसानों को किसान पोर्टल मे ई-केवाईसी, आधार सीडिंग एवं लैंड सीडिंग करवाना अनिवार्य कर दिया है। ई-केवाईसी प्रधानमंत्री किसान पोर्टल पर ई-केवाईसी अपडेट करने का ऑप्शन दिया गया है, साथ ही फेस ऐप भी उपलब्ध कराया गया है। ई-केवाईसी करवाने हेतु पंजीकृत कृषक स्वयं पीएम किसान पोर्टल में जाकर फेस ऐप या ओटीपी. बेस्ड माध्यम से अपने आधार कार्ड नंबर का सत्यापन कर सकते हैं या लोक सेवा केन्द्र, लोक सेवा सेंटर्स, सीएससी के माध्यम से बायोमेट्रिक ई-केवाईसी अपडेट करा सकते हैं। शासन द्वारा निर्धारित नियमानुसार हितग्राही के आधार कार्ड नंबर को बैंक खाता नंबर से लिंक कराने उपरान्त आधार कार्ड नंबर का सत्यापन ई.केवाईसी के माध्यम से कराने पर ही किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की आगामी किस्त की राशि प्रदान की जायेगी। ई-केवाईसी पूर्ण नहीं कराने वालों की सूची में कुल 1812 हितग्राहियों का नाम है। ई-केवाईसी हेतु शेष बचे 1812 कृषकों मे से 708 कृषकों का ग्राम का नाम व विकासखण्ड का नाम एवं पता अंकित नहीं है। जिससे इन किसानों का चिन्हांकन नहीं हो पा रहा है। अतः वे सभी कृषक भी यथाशीघ्र ही अपना ई-केवाईसी पूर्ण करा लेवें। अन्यथा कृषक का ग्राम का नाम व विकासखण्ड का नाम एवं पता अंकित नहीं होने की स्थिति में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के पंचनामा के आधार पर अनट्रेसबल की श्रेणी में लेते हुए अपात्र माना जाएगा। लैंड सीडिंग राज्य स्तर की पोर्टल आई.डी. में ही लैंड रिकार्ड सीडिंग अपडेट कराने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। अतः योजनांतर्गत लैंड सीडिंग कराने हेतु कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के माध्यम से विकासखंड कार्यालयों में बी-1 एवं आधार के साथ संपर्क करना होगा। आधार सीडिंग योजनांतर्गत आधार सीडिंग/डीबीटी इनेबल कराने हेतु हितग्राही को संबंधित बैंक मे व्यक्तिगत रूप से जाकर अपना बैंक खाता में डी.बी.टी. इनेबल कराना होगा, साथ ही योजनांतर्गत हितग्राहियों का स्टेटस में पी.एफ .एम.एस रिजेक्ट होने की स्थिति में संबंधित बैंक से संपर्क कर आधार लिंक एवं आधार सीडिंग का आवेदन देना होगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांगर्त समस्त पंजीकृत हितग्राही अविलंब ही अपना योजनांतर्गत ई-केवाईसी. बैंक खाता मे डी.बी.टी इनेबल, आधार सीडिंग तथा लैंड सीडिंग कार्य पूर्ण करा लेवें, अन्यथा इन तीनों कार्य के अभाव में आगामी किस्ते नहीं प्राप्त हो पायेंगी।

### जिले में बाढ़ की स्थिति से निपटने राहत एवं बचाव हेतु कंट्रोल रूम किया गया स्थापित

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कलेक्टर सौरभ कुमार द्वारा जिले में अति वर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने राहत एवं बचाव हेतु आवश्यक कदम उठाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने जिले में हो रही बारिश के मद्देनजर सभी को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। जिले में मानसून सीजन के दौरान अतिवर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने हेतु जिला कार्यालय कोरबा के बाढ़ नियंत्रण कक्ष में 27 जून से मानसून की विदाई तक की अवधि हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 07759-228548 है। इसके अतिरिक्त वैकल्पिक नंबर 9770113592, 8770133715 भी उपलब्ध है।

### जिले में अब तक 611.7 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

जिले में 1 जून से अब तक 611.5 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 7 अगस्त तक औसत वर्षा 636.0 मिमी हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसील कोरबा में 581.4 मिमी, भैंसमा में 743.5 मिमी, करतला में 609.4 मिमी, कटघोरा में 726.2 मिमी, दर्री में 660.6 मिमी, पाली में 572.2 मिमी, हरदीबाजार में 438.2 मिमी, पोड़ी-उपरोड़ा में 601.0 मिमी एवं पसान में 543.0 मिमी वर्षा हो चुकी है। अब तक सर्वाधिक वर्षा भैंसमा तहसील में दर्ज की गई है।

### बोलरो की टक्कर से युवक की मौत

**रायपुर** । भाठागांव सर्विस रोड में बोलेरो की टक्कर से अज्ञात युवक की मौत हो गई। सूचना पर टिकरापारा पुलिस ने बोलेरो चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार 40 वर्षीय युवक भाठागांव सर्विस रोड के पास पैदल जा रहा था। तभी बोलेरो क्रमांक सीजी 04 एचसी 4993 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी बोलेरो चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## भैंसमा महाविद्यालय में मानव मानव श्रृंखला बनाकर दिया गया मतदान का संदेश

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार एवं जिला नोडल स्वीप व मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप के मार्गदर्शन में मनोज खांडे उप जिला निर्वाचन अधिकारी के सहयोग से जिले के सभी विद्यालय एवं महाविद्यालयों में मतदान के प्रति युवाओं में जागरूकता लाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत दिवस





स्व. प्यारे लाल कंवर शासकीय महाविद्यालय भैंसमा में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के साथ सुंदर मानव श्रृंखला का निर्माण कर मतदाताओं को मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक व प्रोत्साहित किया गया। मानव श्रृंखला का यह अनोखा दृश्य भैंसमा में पहली बार बनाया गया। श्रृंखला के माध्यम से महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न आकृतियों का निर्माण कर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। जिसमें मतदान जागरूकता संबंधी संदेश लोकतंत्र में हिस्सेदारी, हम सबकी है जिम्मेदारी, छोड़ कर अपने सारे काम, पहले करेंगे हम मतदान जैसे नारे लगाए गए। महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी व सहायक प्राध्यापक दीपेश कुमार ने छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी लोकतंत्र का आधार मतदान है। मतदाता की सक्रिय भागीदारी से देश का लोकतंत्र मजबूत एवं स्थायी बनता है। उन्होंने विद्यार्थियों को लोकतंत्र की महता की जानकारी देते हुए बताया कि जनता द्वारा जनता के लिए जनता का शासन ही लोकतंत्र है। दीपेश ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सभी छात्र छात्राएं अपने गांवों में जाकर हर एक मतदाता को मतदान करने हेतु प्रेरित करें। जिससे वे अपने मताधिकार का उपयोग कर देश के प्रति कर्तव्यों का निर्वहन कर सके एवं एक स्वच्छ ईमानदार प्रत्याशी को चुनकर लोकतंत्र की मजबूती मे भागीदार बने। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को मतदाता शपथ पत्र का वाचन कर शपथ दिलाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.एल. चौहान, छात्र छात्राएं, सहित अन्य सहायक प्राध्यापक एवं स्टॉफ उपस्थित रहे।

## नगर भवन में होगा विश्व आदिवासी दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम

* संसदीय सचिव चंद्रदेव प्रसाद राय होंगे मुख्य अतिथि

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

राज्य शासन के निर्देशानुसार 9 अगस्त 2023 को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम बलौदाबाजार स्थित नगर भवन में छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव एवं बिलाईगढ़ विधायक चंद्रदेव प्रसाद राय के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। कार्यक्रम के गरिमामय आयोजन हेतु कलेक्टर चंदन कुमार ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने कार्यक्रम में वनाधिकार पत्र, मनरेगा कार्य स्वीकृति पत्र, अंत्यावसायी विभाग द्वारा ऋण स्वीकृति पत्र वितरण तथा अनुसूचित जनजाति के प्रतिभावान छात्रों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले



**वन अधिकार पट्टा सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को किया जाएगा सामग्री वितरण**

सामाजिकजनों को सम्मानित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु नोडल अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जिसमे मंच की सजावट, टेंट पंडाल, बैठक व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई, आमंत्रण, पार्किंग सहित अन्य कार्य शामिल हैं। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, अपर कलेक्टर वीसी एक्का, एसडीएम सुश्री रोमा श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## बघेल की राजनीति के आगे बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व भी फ्लाप - कांग्रेस

### मोदी के चेहरे पर भारी पड़ रहे दाऊ - हरेराम तिवारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

अप्रत्याशित जनादेश के साथ 2018 में सत्ता में लौटी कांग्रेस ने छ.ग. में भूपेश बघेल के नेतृत्व में बनी विकास नीतियों के बूते पांच साल में ऐसा माहौल बना दिया है कि सीएम बघेल का चेहरा प्रधानमंत्री मोदी को भी लोकप्रियता की चुनौती में पीछे छोड़ता नजर आ रहा है। हालत यह है कि डेढ़ दशक तक सत्ता मे रही बीजेपी के पास सीएम तो दूर विधानसभा क्षेत्रों मे पार्टी की नैया पार कराने वाले चेहरे ढूंढे नहीं मिल रहे हैं। पूरी भाजपा मिलकर भी छत्तीसगढ़िया अस्मिता के संरक्षक भूपेश बघेल का सामना करने का साहस नहीं जुटा पा रही। उक्त बयान जिला कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता हरेराम तिवारी ने प्रदेश में लगातार चल रहे बीजेपी के बड़े नेताओं और पीएम मोदी तथा गृहमंत्री अमित शाह के दौरों को निशाने पर रखते हुए दिए हैं। कांग्रेस की ओर से जारी बयान मे हरेराम तिवारी ने कहा कि कांग्रेस जहां सीएम भूपेश बघेल के नेतृत्व मे दोबारा अपने छ.ग. की विकास यात्रा को आगे बढ़ाने प्रबल जनादेश प्राप्त करने की दिशा मे आगे बढ़ रही है वहीं 15 साल तक सत्ता में रहने के बावजूद छत्तीसगढ़ भाजपा को चुनाव में उतरने के लिए एक सर्वमान्य चेहरे का अकाल पड़ा है। सीएम तो दूर विधायक प्रत्याशी तय करने मे बीजेपी आलाकमान के बीच असमंजस की स्थिति बन गई है। आरएसएस, बीजेपी और तमाम अनुसांगिक संगठन मिलकर भूपेश की काट नहीं खोज पा रहा। तिवारी ने कहा कि बघेल के चेहरे की दमदारी से जूझने, प्रदेश



बीजेपी अमित शाह के रणनीति की प्रतीक्षा कर रही है। वहीं बीजेपी के बड़बोले नेता सरकार पर घोटाले और माफियाराज का आरोप लगाकर दिल्ली के नेताओं को अपनी सक्रियता का झांसा दे रहे हैं, जबकि स्थानीय जनता उनके किसी सरकार विरोधी आरोप का कभी सांकेतिक समर्थन करते भी नजर नहीं आई। सत्ता जाते ही खेमों मे बंटे भाजपाई अपने क्षेत्रों को स्थापित करने के लिए संगठन की अंतर्कलह का शिकार हो रहे हैं। वरिष्ठ कांग्रेस प्रवक्ता हरेराम तिवारी ने कहा कि अमित शाह की बैठक मे यह कहना कि छ.ग. की जनता सीएम से नाराज नहीं है। यह साबित करता है कि भूपेश बघेल प्रदेश ही नहीं पूरे देश में भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती हैं। यही वजह है कि पदलोलुपता के कारण नौकरशाही छोड़कर राजनीति में संभावना तलाशते बीजेपी के नेता भी पूर्ण बहुमत का खोखला दावा तो गाल बजा कर रहे हैं लेकिन कांग्रेस की लोकप्रियता का भय भी उनमें खुलकर जाहिर हो रहा है। सरकारी एजेंसियों का मनमाना दुरुपयोग करने के बावजूद भूपेश विरोधी लहर कायम ना होने के कारण और अधिक लोकप्रियता बढ़ने से मोदी और शाह भी हताश नजर आने लगे हैं। तिवारी ने कहा कि एक तरफ जहां कांग्रेस पूरे छत्तीसगढ़ में एकजुट है और अपने नेता भूपेश बघेल के नेतृत्व मे चुनाव लड़ने को तैयार हैं वहीं बीजेपी में दिल्ली के नेता बार-बार आकर संगठन को एकजुटता का पाठ पढ़ाने मे ही व्यस्त हैं। मजेदार बात यह है कि पार्टी की अंदरूनी कलह से ज्यादा बड़ा सिरदर्द भाजपा के लिए भूपेश बघेल बने हुए हैं जिनका कोई विकल्प उन्हें ना अब तक मिला है और ना ही चुनाव बीत जाने के बाद मिलेगा। भाजपा हर मोर्चे पर जनाधार खो रही है और कांग्रेस का कारंवा दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है। बीजेपी बड़े नेताओं का ताबड़तोड़ दौरा यह साबित करता है कि छत्तीसगढ़ में इस बार भी उन्हें कोई विशेष चुनावी संभावना नजर नहीं आ रही।

# एक हजार से अधिक स्कूली छात्र-छात्राओं ने बनाया विशाल संकल्प चक्र








जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन और स्वीप नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन के मार्गदर्शन में मतदाता जागरुकता अभियान स्वीप जिले भर में चलाया जा रहा है। आज नवागढ़ विकासखण्ड मुख्यालय में वृहद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिक, अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा वाकथन रैली का आयोजन किया गया, जो महाविद्यालय से शुरु होकर सरकारी बालक उच्चतर विद्यालय तक गई। रैली में लगभग 500 लोग शामिल हुए। इसी प्रकार सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा भी मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई जो शहर के चौक-चौराहों से गुजरते हुए बालक उच्चतर विद्यालय में खत्म हुई। इस विशेष आकर्षक रैली में 1000 से अधिक स्कूली छात्र-छात्राओं ने स्कूल परिसर में खड़े होकर विशाल मोर वोट मोर चिन्हारी, वोट देना हे संगवारी के साथ संकल्प चक्र की आकृति बनाई। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राण उमाशंकर बंदे, तहसीलदार केआर वासनीक, बीईओ लोकनाथ बांधे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नवागढ़ टीआर चौहान सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं आम नागरिक उपस्थित थे।

## तलवार को लहराते हुये मारपीट की धमकी देकर भय उत्पन्न करने वाला युवक गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

मोबाईल के माध्यम से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम सोढ में तलवार लेकर लोगों को गाली गलौज कर मारपीट करने की धमकी देकर लोगों को भय दिखाकर तलवार लेकर लहरा रहा है, कि उक्त सूचना पर थाना बेरला स्टाफ सूचना तस्दीक हेतु मौके पर पहुंचने पर एक व्यक्ति लोहे का तलवार लेकर लोगों को मारपीट की धमकी देकर मन में भय उत्पन्न कर तलवार को लहराते हुए मिला, जिसे पकड़कर पूछताछ करने पर वह अपना नाम मनोज वर्मा उम्र 24 साल साकिन कैलाश नगर बीरगांव वार्ड नंबर 21 थाना उरला जिला रायपुर का रहने वाला बताया, मौके पर प्रार्थी प्रेमप्रकाश पाण्डेय उम्र 31 साल साकिन सोढ थाना बेरला जिला बेमेतरा के लिखित आवेदन पर अपराध सदर धारा 25,27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान थाना बेरला स्टाफ के द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये आरोपी मनोज वर्मा के कब्जे से मौके पर एक नग लोहे का तलवार जप्त किया गया। आरोपी मनोज वर्मा पिता बीरबल सिंग वर्मा उम्र 24 साल साकिन कैलाश नगर बिरगांव वार्ड नं. 21 बीरगांव थाना उरला जिला रायपुर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता भा.पु.से. के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले, सउनि कंवल नेताम, प्रधान आरक्षक दीनानाथ वर्मा, आरक्षक भुषण मारकंडेय, सुरेन्द्र बंजारे, दिनेश निषाद, महेश जांगडे एवं अन्य स्टाफ शामिल थे।




## राहुल गांधी की सांसदी बहाल होने पर विक्रम मंडावी ने जताई खुशी

### कहा. नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।

वायनाड के सांसद राहुल गांधी की सांसदी बहाल होने के साथ ही जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता खुशी का इजहार कर रहे हैं, राहुल गांधी की सांसदी बहाल होने पर बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने जिले वासियों को बधाई देते हुए इसे नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत करार दिया है। विक्रम मंडावी ने लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी अधिसूचना को साझा करते हुए कहा कि ऐसी दिखती है नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत, अन्याय के खिलाफ न्याय की जीत, असत्य के खिलाफ सत्य की जीत, तानाशाही के खिलाफ लोकतंत्र की जीत, षड्यंत्रों के खिलाफ इंडियाकी जीत है, राहुल गांधी के माध्यम से संसद में सड़क की आवाज फिर गूंजेगी। विक्रम मंडावी ने कहा कि राहुल गांधी को दोबारा सांसद बनाने का निर्णय एक स्वागत योग्य कदम है। यह भारत के लोगों और विशेषकर वायनाड के लोगों के लिए राहत लाया है। विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि भाजपा और मोदी सरकार को अपने कार्यकाल का जो भी समय बचा है, उसका उपयोग विपक्षी नेताओं को निशाना बनाकर लोकतंत्र को बदनाम करने के बजाय वास्तविक शासन पर ध्यान केंद्रित करके काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की सांसदी बहाल होने से एक बार फिर देश की संसद में गरीबों के हक की आवाज गूंजेगी।



## बिलाईगढ़ क्षेत्र से विजय गोयल हो सकते हैं सशक्त युवा प्रत्याशी

जोहार छत्तीसगढ़ बलौदाबाजार।



आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी पिछले कुछ महीनों से सरकार को घेरने कोई कसर नहीं छोड़ रही है। हर मुद्दे एवं विषय को पार्टी गंभीरता से भुनाने की कोशिश कर रही है। वहीं विधायक प्रत्याशी को लेकर भी अलग अलग तरीके से सर्वे करा रही है। इस बार प्रत्याशी चयन में फूंक फूंक कर पांव रखेगी। वहीं एससी नेता टिकट की दावेदारी के लिए अभी से लाबिंग शुरू कर दिए हैं। लेकिन पार्टी की बढ़ती गतिविधि को देखकर लगता है कि इस बार प्रत्याशी चयन में युवा वर्ग का विशेष महत्व रहेगा। बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भी अनेक एससी नेता टिकट की दौड़ में शामिल हो रहे हैं। कुछ पुराने चेहरे हैं तो कुछ नए चेहरे दिखाई देने लगे हैं। जो पार्टी के कार्यक्रमों में सामने रहने की कोशिश कर रहे हैं। यदि प्रत्याशी चयन में केंद्र की भूमिका रहेगी तो बिलाईगढ़ विधानसभा से विजय गोयल का नाम आगे प्रतीत हो रहा है। राजनीति में यह नाम नया हो सकता है लेकिन क्षेत्र के लिए विजय गोयल बहुत ही जाना पहचाना नाम है। विजय गोयल वर्तमान में भाजपा में जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। जो बिलकुल ही साफ सुथरी बेदाग छवि के मिलनसार व्यक्ति हैं। जिनकी दिनचर्या सादगी से परिपूर्ण है। पिछले कार्यकाल में जनपद सदस्य चुने गए थे। अनुसूचित जाति समाज के अलावा अन्य समाज में भी इनकी अच्छी खासी छवि बनी है।

## राज्यस्तरीय सुब्रतों फुटबॉल कप में शामिल हुई चातुरी नंद

जोहार छत्तीसगढ़-सरायपाली।

जवाहर नवोदय विद्यालय छिंदपाली सरायपाली में आयोजित राज्यस्तरीय सुब्रतो फुटबॉल कप के समापन समारोह में अतिथि के रूप में चौहान सेना प्रदेशाध्यक्ष चातुरी डिग्रीलाल नंद शामिल हुई।




राज्यस्तरीय सुब्रतो फ़ुटबॉल कप में सात जिलों के जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थी प्रतियोगिता में भाग लिए जिसमे अंडर 13 में जवाहर नवोदय विद्यालय दंतेवाड़ा की टीम ने बाजी मारी तथा अंडर 17 में जवाहर नवोदय विद्यालय कांकेर की टीम ने बाजी मारी। चातुरी नंद ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ये जो फुलझर अंचल है वह खेलो का गढ़ है। यहां साल भर हर वर्ष कुछ न कुछ गेम होते रहते हैं लेकिन यहां के बच्चों को खेल के क्षेत्र में पर्याप्त सुविधा नहीं मिल पाता, उन्होंने आगे कहा कि आने वाले समय में सरायपाली क्षेत्र में फुटबॉल अकादमी खुलना चाहिए उसके लिए नंद स्वयं प्रयास करेंगी। फुलझर अंचल खेलों का गढ़ पर सुविधाओं से वंचित हैं, इस अंचल को सबके सहयोग और सबके आशीर्वाद की आवश्यकता है ताकि यहां के बच्चें सफलता की ओर बढ़ सके। आगे नंद ने कहा कि खेल में हार जीत तो होता रहता है पर इससे मायूस नहीं होना चाहिए क्योंकि असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी है कार्यक्रम में जेएनवी के प्राचार्य रावते वाइस प्रिंसीपल, लोकनाथ कैवर्त, किरण, अतिथि चंद्रशेखर पाणिग्रही, शशिकांत चौहान, उदयलाल चौहान, लक्ष्मीनारायण चौहान, चमन चौहान और बाहर से सभी जेएनवी के स्पोर्ट टीचर्स ने भी सभा को संबोधित किया। सुब्रतो कप को सफल बनाने में शैलेंद्र साहू, मुकेश साहू, निर्मल भोई, क्षितिपति साहू, नरेश साहू, महेंद्र साहू, घुराव चौहान और समस्त जेएनवी के टीचर्स स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### जिले में 682.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 7 अगस्त तक 682.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 2.2 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 604.2 मिमी., पुसौर में 723.8, खरसिया में 448.5, घरघोड़ा में 566.5, तमनार में 656.2, लैलूंगा में 706.4, मुकडेगा में 799.6, धरमजयगढ़ में 835.6, छाल में 590.5 एवं कापू में 897.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### कथा श्रवण करने विधायक निवास पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



कोरबा जिले के प्रवास पर आए छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भागवत कथा का श्रवण किया। कटघोरा के विधायक पुरूषोत्तम कंवर के ग्राम हरदीबाजार स्थित निवास पर श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के छठवें दिन कथा स्थल पर पहुंचे डॉ. महंत ने भागवत पुराण एवं कथावाचक महाराज पंडित श्यामसुंदर पाराशर को नमन कर आशीर्वाद लिया। डॉ. महंत ने इस दौरान यहां काफी समय तक रूक कर कथा श्रवण का पुण्य लाभ अर्जित किया। उन्होंने इस आयोजन के लिए विधायक पुरूषोत्तम कंवर को साधुवाद देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए। इससे समाज में समरसता का भाव प्रसारित होता है। इस अवसर पर पूर्व विधायक बोधराम कंवर, विधायक पुरूषोत्तम कंवर, खाद्य आयोग के सदस्य हरीश परसाई आदि उपस्थित रहे।

### नौकरी की तलाश के साथ अच्छी खेती-किसानी कर सकते हैं युवा : नंदकुमार बघेल

**कोरबा** । ऐतिहासिक शिवनगरी पाली आगमन पर मुख्यमंत्री के पिता नंदकुमार बघेल का गाजे बाजे, अतिशबाजी व फूल माला के साथ स्वागत किया गया। मंगलभवन में आयोजित किसान संगोष्ठी कार्यक्रम में संबोधित करते हुए नंदकुमार बघेल ने कहा कि आने वाले समय में विधानसभा चुनाव है और इस चुनाव में किसको टिकट देना है, इसकी पूरी जिम्मेदारी खरगे से मिली है। विजय जगत ने कहा कि पढ़े लिखे युवा भाई नौकरी के तलाश के साथ अच्छे खेती किसानी भी कर सकते है। आज आधुनिक खेती कर बढ़िया आमदनी कमाई करें। गणराज सिंह कंवर जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि नंदकुमार बघेल छत्तीसगढ़िया किसान हैं और मुख्यमंत्री एक किसान का बेटा है, जो आज किसान के हित में कार्य कर रहे हैं। विमल साहू ने कहा कि नंद कुमार ने आदिवासियों के लिए जेल की लडाई लडी हैं, उनके हक के लिए जेल तक जा चुके हैं। पहली बार छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री बना हैं और इसे बनाए रखना हमारा कर्तव्य बनता है। कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीबों के हित में कार्य करती आ रही हैं। उन्होंने कहा कि आरएसएस और बीजेपी का संविधान को तोड़ने का काम रहा। नरेन्द्र मोदी का कहना है कि अंग्रेजों के समय के बनाए गए संविधान में संशोधन होना चाहिएए अगर इसमें बदलाव होता हैं तो हम लोगों का अधिकार छिन जाएगा, इसे हमें बचाना है।

### उपवास सभी रोगों में सुधार की सबसे प्रभावशाली विधिः आचार्य गोस्वामी

**कोरबा** । सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर जमनीपाली में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के तीसरे दिन कथा वाचक पवन कृष्ण गोस्वामी ने प्रहलाद व नरसिंह अवतार का प्रसंग विस्तार पूर्वक वर्णन के साथ संगीतमय प्रवचन दिया। आचार्य गोस्वामी ने बताया कि उपवास सभी रोगों में सुधार की सबसे प्रभावशाली विधि है। उपवास से शक्ति मिलती है। लेकिन समाज में प्रतिष्ठा पाने के लिए अच्छे कर्म करने होते हैं। आचार्य ने कहा कि प्राचीन काल से व्रत, सत्संर्ग, कथा आदि की रचना लोगों में जागृति, सद्भावना, सुसंस्कृत, समाज को सुविकसित करने के लिए की गई। आचार्य ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि बच्चों को धर्म व अच्छे कर्म, संस्कार का ज्ञान बचपन में ही देने से वह जीवन भर उसका पालन तथा स्मरण करता है।

## मोतीलाल चौरसिया को डॉ. महंत ने दी श्रद्धांजलि

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



जिला पुलिस बल कोरबा में एएसआई से सेवानिवृत्त तथा कोरबा सांसद के प्रतिनिधि किरण चौरसिया के पिता स्व. मोतीलाल चौरसिया को छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कोरबा प्रवास के दौरान डॉ. महंत दर्री रोड स्थित किरण चौरसिया के निवास पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया। इसके पश्चात स्व. मोतीलाल चौरसिया के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए उनके सद्गति की कामना की। इस अवसर पर पाली-तानाखार विधायक मोहितराम केरकेट्टा, महापौर राजकिशोर प्रसाद, राज्य खाद्य आयोग के सदस्य हरीश परसाई, वरिष्ठ नेत्री उषा तिवारी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सपना चौहान, रश्मि सिंह, अभिषेक बाजपेयी, कांग्रेस कोरबा ब्लॉक कमेटी अध्यक्ष अजीत दास महंत ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान स्व. मोतीलाल चौरसिया के पुत्र सूरज चौरसिया, किरण चौरसिया व अन्य परिजन भी उपस्थित रहे।



## धोखाधडी एवं आईटी एक्ट में फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने दिये निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




पुलिस अधीक्षक बेमेतरा भावना गुप्ता द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना, चौकी प्रभारियों की बैठक लिया गया। जिसमें थाना, चौकी में लंबित अपराध, मर्ग, शिकायत, गुम इंसानध लंबित वारंट 173 (8)जाफ ौ लंबित माल की थानावार जानकारी ली जाकर समीक्षा किया गया। जिसमे कम्यूनिटी पुलिसिंग को बढ़ावा देने, क्षेत्र में हो रहे अपराध नियंत्रण हेतु मुखबीरी सूत्रों को बनाये रखने, थाना, चौकी प्रभारियों को समाधान शिकायत हेल्प लाईन नंबर 9479257558 में आने वाली शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करनेए जप्ती माल की निकाल हर संभव प्रयास कर करनेए जप्ती माल एवं थाना के रिकार्ड को व्यवस्थित ढंग से वर्षवार रखने तथा अवैध शराब बिक्रीए अवैध मादक पदार्थ गांजाए जुआए सट्टा पर नियंत्रण करने, असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने, पेंशनदारान, 173 (8) के तहत आबकारी एक्ट के प्रकरण में फरार आरोपी एवं 299 के फरार आरोपियों को भी तस्दीक करने, लघु अधिनियम, जिला बदर एवं बाउंड ओवर की कार्यवाही करने, लंबित अपराधों, मर्ग, गुम इंसान, लंबित शिकायतों का शीघ्र निकाल करने, थानों में पंजीबद्ध चिटफंड कंपनी के विरूद्ध अपराध का जल्द से जल्द निकाल करने, धोखाधडी एवं आईटी एक्ट में फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने तथा लंबित संमंस, लंबित वारंट व ऑपरेशन ईगल अभियान चलाकर स्थायी वारंट की तामिली किये जाने तथा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए थाना प्रभारी व विवेचकों और आरक्षकों को संवेदनशील बनाने, मजबूत सूचना तंत्र विकसित कर बेहतर पुलिसिंग करने, संपत्ति सम्बन्धी अपराधों के आदतन आरोपियों पर पैनी नजर रख सख्त कार्यवाही करने, आगामी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्ष सम्पन्ना कराने को लेकर जरूरी कदम उठाने एवं अन्य आवश्यक कार्यवाहियों हेतु किया गया निर्देशित।

तथा समस्त थाना, चौकी प्रभारियों को सोशल मीडिया पर सतत् निगाह रखने, ऑनलाईन फायनेंसियल फ्राड, साइबर क्राईम, सोशल मीडिया के माध्यम से हो रहे अपराधों के संबंध में आम जनता को जागरूक करने, ऑनलाईन फायनेंसियल फ्राड की रिपोर्ट पर तत्काल कार्यवाही करने, थाना में रिपोर्ट करने आये महिला आगंतुक रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने एवं सभी थाना व चौकी प्रभारियों को कानून व्यवस्था बनाये रखने निर्देशित किया गया। तथा सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के उपायों पर भी चर्चा की गई। अंजोर रथ एवं हमर बेटी हमर मान के माध्यम से ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों को जागरूक किये जाने तथा कार्यवाही में किसी भी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरतने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। तथा असामाजिक तत्वों एवं निगरानी बदमाशों, गुण्डों, शराब पीकर हुल्लड, मारपीट करने वालों के विरूद्ध ठोस प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाने, शस्त्रों को लाने ले जाने पर निर्वाचन अवधि में प्रतिबंधित करने, मतदान केंद्रों की सुरक्षा एवं संचार व्यवस्था करने, प्रत्येक मतदान केन्द्रों की संपूर्ण व्यवस्था की जानकारी ली जावे।

कमी होने पर संबंधितों को अवगत कराकर दुरूस्त कराया जाना सुनिश्चित करने, आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अपने थाना क्षेत्र में स्वयं थाना प्रभारी को भ्रमण करने एवं निगरानी बदमाश, माफी एवं गुण्डा बदमाशो, सजायाब, सस्पेक्ट की चेकिंग करने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उक्त बैठक में अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, समाधान सेल प्रभारी डीएसपी कौशिल्या साहू, रक्षित निरीक्षक मुकेश जोशी, स्टेनो अजय देवांगन एवं समस्त थाना, चौकी प्रभारी, एसपी रीडर, साइबर प्रभारी सहित पुलिस के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सोरला में भू-माफिया ने नाले पर किया कब्जा

## खेतों में भरा पानी मुख्यमंत्री से शिकायत के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सोरला में भूमाफिया के खिलाफ की गई शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में खासी नाराजगी है। भूमाफियाओं के द्वारा नाले पर अवैध कब्जे से गांव के किसानों को खास नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस संबंध में क्षेत्र के तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टर से लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से शिकायत के बावजूद आज तक भूमाफिया पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से गांव के किसानों ने किसान नेता योगेश तिवारी को सारे प्रकरण की जानकारी देकर मदद के लिए गुहार लगाई। इसके बाद किसान नेता ग्राम सोरला पहुंचकर ग्रामीणों से रूबरू हुए। इस दौरान धनेश राम साहू, खुमान शर्मा, शमलिया, रामानंद मरकाम, महंगू राम साहू, भागवत साहू, शत्रुहन साहू, हेमकुमार साहू, रामप्रसाद साहू, पूनाराम निर्मलकर, किशुन राम भूमिजन, परेटन साहू, रामचंद साहू, माखन साहू, पवन साहू, भगवती साहू, पूनाराम साहू, रितेश, बीरेंद्र, हेमंत, खेदूराम साहू, पन्ना मंडावी, आजू राम साहू, नोखेलाल, लीलाशाह, नारायण नेताम, रेवा राम आदि ग्रामीण उपस्थित थे।



**अब किसान नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में कलेक्टर को फिर से सौंपेंगे ज्ञापन**

### अधिकारी सुध लेने को तैयार नहीं

किसानों ने किसान नेता को बताया कि भूमाफिया के द्वारा नाले में कब्जा करने के कारण खेतों में 5 से 6 फीट पानी भरने से फसल चौपट हो रही है। प्रशासन से बार-बार गुहार लगाए जाने के बावजूद कोई अधिकारी सुध लेने को तैयार नहीं है। किसान नेता के नेतृत्व में किसानों के साथ मिलकर फिर एक बार कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन।

### 500 मीटर नाले की मुरूम से फीलिंग निकासी हुई प्रभावित

किसानों ने बताया कि




बन्दोबस्त सन् 1983-84 में त्रुटि करके उक्त जमीन को दूसरे किसानों के नाम से दर्ज कर दिया गया। जिस खसरा नंबर में उक्त जमीन को त्रुटि कर चढ़ाया गया। उस जमीन का बिक्री 2 से 3 बार हो गया है। पहले के किसानों द्वारा नाले रूप में छोड़कर ही खेत को ही काबिज किया जाता रहा है। वर्तमान में बेरला निवासी भूमाफिया ने लगभग 500 मीटर लंबा नाले खरीदा गया है, सोरला सरहद में है। यहां नाले पर कब्जा के कारण किसानों के खेतों में पानी भरा है।

### किसानों को अपनी जमीन बेचने किया जा रहा मजबूर

किसानों के अनुसार जानबूझकर नाले पर कब्जा कर किसानों को परेशान किया जा रहा है, ताकि आसपास की किसान अपनी जमीन को औने-पौने दाम पर बेच दें। भूमाफिया ने नाले में 5-6 हाईवा मिट्टी डलवाकर पानी के मार्ग को पूर्णत: अवरुद्ध कर दिया गया है। जिससे बरसात होने पर नाले के आसपास के कई एकड़ खेतों में 5 फुट पानी भर गया है। खेत तालाब में तब्दील हो गए हैं ।

**एक नजर**

रायपुर में बदमाशों का आतंक

## देसी पिस्टल दिखाकर फैला रहे दहशत





**रायपुर।** राजधानी में बदमाशों का आतंक एक बार फिर देखने को मिला है. देसी पिस्टल लेकर बदमाश आतंक फैला रहे हैं. इसका वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा. रायपुर में बदमाशों के आतंक का दो वीडियो सामने आया है. पुलिस ने दोनों मामले में आरोपी की तलाश में जुट गई है। एक वीडियो में बदमाश देसी पिस्टल के साथ खौफ दिखाते आया नजर आ रहा. वहीं दूसरे वीडियो में युवक के साथ बदसलूकी की जा रही. इस मामले में जानकारी देते हुए सिटी एएसपी अभिषेक माहेश्वरी ने बताया, मामले में सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. कुछ ही देर में आरोपियों का जुलूस निकाला जाएगा. एक वीडियो डीडी नगर थाना क्षेत्र का है और एक वीडियो को लेकर पतासाजी की जा रही है।

## तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत,गाँव में पसरा मातम

**गरियाबंद-गरियाबंद** ज़िले के ग्राम नहरगाँव में एक दर्दनाक हादसा हो गया है यहाँ दो बच्चों के तालाब में डूबने से मौत हो गई है, पुलिस और ग्रामीणों के द्वारा रेशक्यू कर तालाब से शव को निकाला गया, वैसे तो ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब पर बच्चों का नहाना आम बात है, लेकिन नहरगाँव से एक ऐसी दुखद खबर सामने आई है कि शायद अब लोग अपने बच्चों को तालाब में नहाने की अनुमति ना दें।दरअसल नहरगाव में दो बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गई है। बता दें की दोनों बच्चों की उम्र लगभग 9 से 12 साल के बीच थी, दोनों बच्चे सुबह से अपने घर से निकले थे और काफ़ी समय तक जब दोनों बच्चे अपने अपने घर वापस नहीं आए तो परिजनों ने उन्हें आसपास खोजना शुरू किया। वही रात तक़रीबन 11 बजे दोनों बच्चो का शव तालाब से निकाला गया,घटना की जानकारी मिलते ही रात में ही सिटी कोतवाली थाना प्रभारी राकेश मिश्रा की टीम मौके पर पहुँच बच्चों के शव को निकला अस्पताल लाया गया और शव को मर्चूरी कक्ष में रखा गया,जहां सोमवार सुबह तहसीलदार की उपस्थिति में डाक्टरों की टीम द्वारा पोस्टमार्डम कर दोनों बच्चों के शव को परिजनों को सौप दिया।

# पाक्सो एक्ट का आरोपी चंद घंटे के अंदर गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-सरायपाली।

थाना सरायपाली में प्रार्थीया द्वारा उपस्थित आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज करायी की रात्रि 2 बजे बुरी नीयत से गांव का मेलाराम कुर्रे घर के छत के रास्ते घर अंदर घुसकर मेरे बिस्तर के पास आकर मैं तुम्हें चाहता हूं कहकर मेरा हाथ बाह पकड़ लिया पीड़िता द्वारा चीखने चिल्लाने पर पीड़िता के मम्मी पापा जग गए और आरोपी को छेड़छाड़ करते रंगो हाथों पकड़ लिया मौका पाते है आरोपी धक्का देकर भाग निकला के संबंध में लिखित आवेदन पेश करने पर प्रार्थिया की लिखित आवेदन पर आरोपी मेलाराम कुर्रे के विरुद्ध थाना




सरायपाली में अपराध क्रमांक 197/23 धारा 458, 354, भादवि 8 पाक्सो एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान 7 अगस्त 23 को ही त्वरित कार्यवाही करते हुऐ थाना प्रभारी आशीष वासनिक द्वारा अपने थाना स्टाफ एवं मुखबिरों द्वारा आरोपी की खोजबीन हेतू मुखबीर लगाया गया था। जरिए मुखबिर सूचना मिला की आरोपी अपने ग्राम भीखापाली में कही छुपा हुआ है कि सूचना पर हमराह स्टाफ रवाना होकर आरोपी के छुपे हुए ठिकाने पर दबिश दिया गया जहा आरोपी को ग्राम भीखापाली में दबिश देकर चारों तरफ घेराबंदी कर त्वरित कार्यवाही करते हुऐ आरोपी को धर दबोचा गया आरोपी को उसका नाम पता पुछने पर अपना नाम मेलाराम कुर्रे पिता अमृत लाल कुर्रे उम्र 29 वर्ष साकिन ग्राम भीखापाली थाना सरायपाली जिला महासमुंद का होना बताया आरोपी को कड़ाई से पूछताछ करने पर अपराध करना कुबूल किया। आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है संपूर्ण कार्यवाही में एएसआई सोनचंद डहरिया आरक्षक योगेंद्र दुबे, मानवेन्द्र ढीढ़ी, कमल जांगड, चंद्रकला वर्मा व समस्त थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष ने टीम के साथ मतदाताओं से किया संपर्क

**कोरबा** । भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के आह्वान पर आज भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुजीत सिंह ने अपनी टीम के साथ विभिन्न शक्ति केंद्र एवं बूथों में जाकर घर-घर जाकर नव मतदाताओं से संपर्क किया एवं उन्हें प्रधानमंत्री द्वारा युवाओं की लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए मतदान का महत्व बताया साथ ही उनका सम्मान किया और बताया कि प्रधानमंत्री ने आजादी के 75 वर्ष अमृत काल में युवाओं के लिए अनेक योजनाएं लेकर आए हैं जिनके माध्यम से देश के विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी देश की आजादी की लड़ाई से लेकर अब तक युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है वैसे भी भारत युवाओं का देश है।

# अवैध शराब बिक्री करने वालों पर चक्रधरनगर पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के अवैध शराब बिक्री व पिलाने के लिए संसाधन उपलब्ध कराने वालों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। अभियान के क्रम में आज थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर के नेतृत्व में चक्रधरनगर पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्राम तिलगा में दो स्थानों पर शराब रेड कार्यवाही किया गया। जहां मोटरसाइकिल पैशन प्रो पर शराब परिवहन कर रहे आरोपी पवन कुमार चौहान पिता दिलीप सिंह चौहान उम्र 30 साल निवासी तिलगा थाना चक्रधर नगर से मोटरसाइकिल पर



प्लास्टिक थैला के अंदर प्लास्टिक जरकिन में रखा हुआ कुल 50 लीटर महुआ शराब की तस्करी करते आरोपी को पकड़ा गया है। आरोपी से अवैध शराब के साथ परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल पैसन प्रो क्रमांक सीजी 13 एपी 8173 की जब्ती की गई है। वहीं ग्राम तिलगा में आरोपी बालाराम राठिया अपने घर पर अवैध शराब बिक्री की सूचना पर रेट कार्यवाही किया गया। आरोपी बालाराम राठिया पिता स्व अर्जुन राठिया उम्र 20 वर्ष साकिन तिलगा थाना चक्रधरनगर के घर परछी में अवैध बिक्री के लिए रखी हुई 10 लीटर महुआ शराब की जब्ती की गई है। अवैध शराब पर ताबड़तोड़ कार्यवही के क्रम में सुबह करीब 11.30 बजे जमुना इन चौंक से केलो पुल के बीच पैदल अवैध बिक्री के लिये शराब लेकर जा रहे आरोपी सुधीर चौहान पिता स्व प्रमोद चौहान उम्र 60 वर्ष निवासी 12 खोली रामभाठा थाना कोतवाली रायगढ़ को पकड़ा गया है आरोपी के पास से 8 बोतल देशी मदिरा मसाला शराब बरामद हुआ है । तीनों आरोपियों पर थाना चक्रधर नगर में अलग-अलग आबकारी एक्ट की धारा 34 (2), 59 (क) के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया है। एसएसपी सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन तथा एडिशनल एसपी संजय महादेवा व सीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर शराब रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेरए प्रधान आरक्षक हेम प्रकाश सोन, श्याम देव साहू, महिला प्रधान आरक्षक समुद रनकर आरक्षक अभय यादव, चंद्र कुमार बंजारे की अहम भूमिका रही है ।

## तेज रफ्तार बस ने 17 मवेशियों को रौंदा, चालक मौके से फरार

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ में तेज रफ्तार का कहर आए दिन देखने को मिलता है। ताजा मामला छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले से सामने आई है। बता दें, यहां तेज रफ्तार बस ने 17 मवेशियों को रौंद दिया है। जिसके बाद बस चालक मौके से फरार हो गया है। हादसे के तुरंत बाद यहां हड़कंप मच गया। भारी संख्या लोग यहां इकट्ठे हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना तुमगांव थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि, महेंद्रा ट्रेवल्स की बस सरायपाली से रायपुर जा रही थी। बस खाली थी, रास्ते में 17 मवेशी बैठे हुए थे। उसी वक्त ये भीषण हादसा हुआ है। बस ने उन्हें रौंद डाला और बस चालक मौके पर से फरार हो गया। सूचना मिलने पर तुमगांव पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और आगे की कार्रवाई में जुट गई।



## भारतीय जनता पार्टी बेरला मंडल महाराणा प्रताप भवन व भिंभौरी मण्डल की आवश्यक कामकाजी बैठक सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

भारतीय जनता पार्टी चुनावी मैदान में आ चुकी है जहां एक ओर युवा नव मददाता को संपर्क में लगे हैं वही महिला मोर्चा हरेली से लेके तीजा तक के कार्यक्रम में महिला को जोड़ने में लगे हैं वही हर जगह किसान बिजली पानी आवास बेरोजगारी भत्ता को लेकर धरना प्रदर्शन में लगी हुई इसी कड़ी में रविवार को बेरला व भिभौरी मंडल का बैठक सम्पन्न हुआ जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेशमंत्री पूर्व विधायक अवधेश सिंह चन्देल, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, पूर्व प्रदेशमंत्री संध्या परगनिहा मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल यशवंत वर्मा महामंत्रीगण व वरिष्ठ नेता मौजूद थे। अवधेश सिंह चन्देल ने कहा अब चुनावी शंखनाद हो चुका है जिसमें सबसे सर्वप्रथम काम हमे अभी 2 अगस्त से लेके 31 अगस्त



तक नाम जुड़वाने व कटवाने का चल रहा आप अपने अपने ग्राम का वोटर लिस्ट चेक करिये अपने विचारधारा वाले परिवार के खुद नाम कटा तो नहीं कोई कटाया तो नहीं जो संदिग्ध है उसे प्रश्न करो गलत पाया गया उसे हटवाए। जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी ने कहा हमे प्रत्येक शक्तिकेन्द्र पर लाभर्थियों का सम्मेलन करना इसमें शक्तिकेन्द्र प्रभारी संयोजक सहसंयोजक बूथ अध्यक्ष विशेष ध्यान देंगे इसमें हमे मोदी सरकार जनकल्याण कार्यो व प्रदेश कांग्रेस के भ्रष्टाचार को जन जन तक बताने के लिए कहा। राजेन्द्र शर्म ने कहा कि पार्टी घोषणा पत्र के लिए सभी कार्यकर्ताओं से सुझाव मांगा है जिसमे सभी कार्यकर्ता अपना सुझाव दीजिये बढ़िया से पत्र बनाइये हर वर्ग के लिए बनाइये व्हाट्सएप ईमेल या आपके जिला मण्डल में सुझाव पेटी आएगा उसमे आप डाल दीजियेगा।साथी ही नव मतदाता से संपर्क करें, नाम जुड़वाने के लिए नवमतदाता का सहायता करिये और अपने बूथ को मजबूत करने के लिए संगठन को गति प्रदान करें। संध्या परगनिहा ने कहा कांग्रेस की सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है, जनता के कार्यो से उनका कोई सरोकार नहीं रह गया है, कांग्रेस ने जो वादे करके सरकार में आया था इसको पिछले पौने पांच साल में पूरा नहीं किया है, महिलाओं पर अत्याचार लगातार बढ़ रहा है, शराब गांव गांव में बिक रहा है।

# पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही उजागर राहगीर व ग्रामीण परेशान - विधायक प्रत्याशी अशवन्त तुषार साहू

## जनसंपर्क कर समस्याओं को सुनकर निराकरण का प्रयास

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

**विधानसभा विधायक प्रत्याशी अशवन्त तुषार साहू लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए जनसंपर्क अभियान के माध्यम से जन-जन पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुन निराकरण कर रहा है।**

आज जनसंपर्क अभियान के



तहत विधानसभा क्षेत्र के ग्राम साराडीह में जनसंपर्क कर लोगों का हालचाल जानने पहुंचे पर ग्रामीणों ने चन्दन गुलाल लगाकर कर भव्य स्वागत किया। जनसंपर्क भेंट मुलाकात के दौरान ग्रामीणों ने अपने विभिन्न प्रकार की मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया जिसमें ग्रामीणों ने बताया

इस मार्ग का रखरखाव का जिम्मा पीडब्ल्यूडी विभाग का है, लेकिन ठीक से रख रखाव एवं देखभाल नहीं किए जाने से मार्ग क्षतिग्रस्त होने लगी है, इन दिनों बरसात में जगह-जगह पानी जाम हो रहा है, पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा बरती गई लापरवाही की पोल खोल कर रख दी है, सड़कों की दूर्दशा देखकर नहीं लगता कि पीडब्ल्यूडी विभाग का कोई कर्मचारी अधिकारी इस मार्ग से होकर गुजरता होगा, बरसात के दिनों का पानी जगह-जगह जाम हो रहा है, साराडीह मुख्य मार्ग के सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है, कई जगह तो जानलेवा गड्ढे बन गए इस वजह से आए दिन हमेशा दुर्घटना की आकांक्षा बनी रहती है, लोगों का कहना है कि सड़कों पर पानी भरे रहने से राहगीरों को गड्ढे का अंदाजा नहीं लगा पाता और कई मोटरसाइकिल चालक इन गड्ढों में गिरकर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं, ग्रामीणों के द्वारा शासन प्रशासन से रोड बनाने की विशेष मांग किया, नवीन राशन कार्ड बनवाने, राशन कार्ड में नाम जुड़वाने सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया जिस पर तत्काल संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुनते हुए त्वरित निराकरण करने के लिए अधिकारियों को कहा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in